रांची, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 69 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव शरद पूर्णिमा

भारत की नजरें सीरीज जीतने पर, फोकस रिंकू के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर ◂◂ 6



ADMISSION OPEN 2025-26

Offline Registration forms are available in the school office on all working days from 9:00 AM to 2:00 PM.

Near Daladili Chowk, Agru, Ratu, Ranchi - 835222 (Jharkhand)

www.jkinternationalschool.co.in

7369017904, 7369017912

AFFILIATION NO.: 3430373

SCHOOL NO.: 66578

Affiliated to CBSE, New Delhi

J.K. INERNATIONAL SCHOOL

(An English Medium Co-educational 10+2, Residential cum Day School)

We Choose Us

HOSTEL FACILITY
CRICKET ACADEMY, SWIMMING POOL, GYM ETC.
PLAY WAY METHOD OF TEACHING
QUALIFIED & CARING STAFF
COMPUTER LAB
ART & CRAFT ROOM
ENCLOSED OUTDOOR PLAY AREA
ASSESSMENT & COUNSELLING
TRANSPORT FACILITY
WORLD-CLASS INDOOR AND OUTDOOR GAME FACILITIES




बिरसा मुंडा की जयंती आज

# जमुई में पीएम मोदी ने जारी किया बिरसा मुंडा के नाम का सिक्का और डाक टिकट




**जमुई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के जमुई पहुंचे। पीएम मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह की शुरूआत की और जनजातीय गौरव दिवस पर एक स्मारक सिक्के और डाक टिकट का अनावरण किया। पीएम मोदी का यहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बिरसा मुंडा के नाम पर डेढ़ सौ रुपये का चांदी का सिक्का जारी किया गया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने सभा को संबोधित भी किया। उन्होंने एनडीए सरकार के द्वारा आदिवासियों के लिए किए गए कामों के बारे में बताया। वहीं विपक्ष पर भी निशाना साधा।

कार्यक्रम मंच पर पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शहीद तिलकामांझी की प्रतिमा सौंपकर किया। पीएम ने भारत माता की जयघोष के साथ अपने भाषण की शुरूआत की। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का नारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से लगवाया। पीएम ने कहा कि हमें खुशी है कि बीजेपी परिवार में आज सबसे वरिष्ट नेता करिया मुंडा हैं। वो आज भी हमलोगों का मार्गदर्शन करते हैं। पीएम ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी देश के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा, देवदीपावली भी है और गुरुनानक जी का 555वां प्रकाश पर्व भी है। सभी देशवासियों को पीएम ने इन पर्वों की बधाई दी।

## आदिवासी पारंपरिक वाद्य-यंत्र बजाने लगे पीएम नरेंद्र मोदी, ड्रम बजाते भी दिखे प्रधानमंत्री



**पीएम** ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस है। इसलिए भी यह दिन खास है। इसके लिए पूरे देश और खासकर आदिवासी समाज को पीएम ने विशेष बधाई दी। पीएम ने कहा कि मुझे मालूम चला कि जमुई ने बड़े पैमाने पर हाल में स्वच्छता का अभियान चलाया गया। पीएम ने जमुई के लोगों की तारीफ की।

आदिवासी समाज के योगदान को लेकर बोले पीएमः पीएम ने कहा कि मैं उस धरती पर आज आया हूं जिसने शहीद तिलकामांझी के शौर्य को देखा है। लेकिन इसबार का आयोजन और भी खास है। आज से पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती का उत्सव शुरू हुआ है जो अगले एक साल तक चलेगा। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद आदिवासी समाज के योगदान को इतिहास में वो जगह नहीं दी गयी जिसका ये समाज हकदार था। पीएम ने कहा कि भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए सैकड़ों वर्षों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। लेकिन आजादी के बाद राजनीति स्वार्थ के लिए इस योगदान को मिटाने की कोशिश की गयी।

## दिल्ली का सराय काले खां चौक अब कहलाएगा, 'बिरसा मुंडा चौक'



**नई दिल्ली:** दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम अब 'बिरसा मुंडा चौक' होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मौके पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक छोटे से गांव में पैदा हुए थे। आज उनकी 150वीं जयंती है। इस वर्ष को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। आगे कहा कि भगवान बिरसा मुंडा निश्चित रूप से आजादी के महानायकों में से एक थे। 1875 में माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करते समय उन्होंने धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई थी। जब पूरे देश और दुनिया के 2/3 हिस्से पर अंग्रेजों का शासन था। उस समय उन्होंने धर्मांतरण के खिलाफ खड़े होने का साहस दिखाया था।

## भगवान बिरसा की 150वीं जयंती पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि





**रांची:** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बिरसा चौक और कोकर स्थित समाधि स्थल पर भी जाकर बिरसा मुंडा को नमन किया।राज्यपाल ने भगवान बिरसा के साहस और बलिदान को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उनका जीवन मातृभूमि के प्रति समर्पण और संघर्ष का प्रतीक है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर झारखंड स्थापना दिवस पर राज्य के विकास और समृद्धि की कामना करते हुए सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज बिरसा चौक पर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के इस खास मौके पर वे सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।

## बिरसा मुंडा की जयंती आज, पीएम मोदी सहित दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली:** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें नमन किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए 1 मिनट 56 सेकंड का वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जन्म-जयंती जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर उन्हें मेरा कोटि-कोटि नमन।

इस वीडियो में वह बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके उलिहातू गांव में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते दिख रहे हैं। साथ ही पीएम मोदी इस वीडियो में बिरसा मुंडा के बारे में बताते हुए दिख रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूल चढ़ाते दिख रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ह्लजनजातीय स्वाभिमान के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन और समस्त देशवासियों कोह्यजनजातीय गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। धरती आबा ने आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए विदेशी हुकूमत के विरुद्ध जनजातीय समाज को एकत्रित किया और उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने जनजातीय समाज में अपनी संस्कृति के प्रति आत्मगौरव का भाव जगाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। संस्कृति व मातृभूमि के प्रति उनका समर्पण अनंत काल तक देशवासियों को प्रेरित करेगा।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी इस मौके पर उन्हें याद करते हुए एक्स पर लिखा, आदिवासी महानायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आदिवासी अस्मिता के लिए उनका संघर्ष और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदा प्रेरित करता रहेगा।

गोड्डा में राहुल गांधी ने पीएम पर जमकर निशाना साधा, कहा-

## मोदी की अरबपतियों से सांठगांठ सरकार बनी तो बढ़ाएंगे आरक्षण



मेट्रो रेज

**रांची/ गोड्डाः** झारखंड में पहले चरण के चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने दूसरे चरण की सीटों पर होने वाले चुनाव पर पूरी ताकत झोंक दिया है। इसी क्रम में राहुल गांधी ने गोड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। मोदी अरबपतियों की कठपुतली हैं। जैसे अरबपति चाहते हैं वो बिल्कुल वैसा करते हैं।

**16 लाख करोड़ रुपये अरबपतियों का माफ किया मोदी ने :** राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर अरबपतियों के साथ सांठगांठ का आरोप लगाया। उन्होंने पीएम को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किये हैं। लेकिन किसानों के एक रुपये माफ नहीं किए। राहुल गांधी महागामा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के लिए चुनाव प्रचार करने आए थे। राहुल गांधी ने इस दौरान प्रदीप यादव और संजय यादव के लिए लोगों से वोटों का आवाहन किया।

राहुल ने देश और झारखंड में जाति जनगणना की बात कहीः राहुल ने एक बार फिर से जाति जनगणना की बात कही। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत की आरक्षण की दीवार हम तोड़ कर रहेंगे। हम लोकसभा में जातीय जनगणना का बिल पास करवा के रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एसटी का आरक्षण 24 % से बढ़ाकर 28 % करेंगे। राहुल लगातार संविधान की प्रति दिखाते रहे और कहा कि इस किताब की वजह देश के गरीबों को अधिकार मिला है। लोगों को वोट करने का अधिकार मिला है।

हर महीने खटाखटा मिलेंगे 2500 रुपयेः राहुल गांधी ने कहा कि सरकार बनने के बाद हर महिला को 2500 रुपये खाते के जरिये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 450 रुपये गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा लोगों को सरकार बनने के बाद हम 15 लाख का स्वास्थ्य बीमा देंगे।

**मोदी सरकार में बढ़ी बेरोजगारी :** राहुल गांधी ने पीएम मोदी को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि मोदी सरकार में बेरोजगारी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद हर साल 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि नोटबंदी ने छोटे कारोबारियों को खत्म कर दिया। अडाणी और अंबानी के लिए रास्ता खोल दिया। हर जिले में डिग्री कॉलेज और प्रोफेश्नल कोर्स के कॉलेज खोले जाएंगे।

## शिक्षण संस्थानों में रांची पुलिस कर रही रेड

पैसे रखे जाने की सूचना पर सरला बिरला स्कूल, अनगड़ा रिसोर्ट समेत कई जगहों पर रांची पुलिस की छापेमारी



मेट्रो रेज

**रांची:** पैसे रखे जाने की सूचना पर रांची पुलिस की टीम सरला बिरला स्कूल समेत कई जगहों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी शुक्रवार की सुबह से शुरू हुई है। रांची पुलिस की टीम एक साथ कई जगह पर पहुंच कर छापेमारी में जुटी हुई है। बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही रांची के नामकुम स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और वाईवीइन यूनिवर्सिटी में भी छापेमारी की गई थी। जहां भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ था। अब एक बार फिर से पैसे मिलने की सूचना पर आज छापेमारी की जा रही है। पुलिस जिन जगहों पर रेड कर रही है उसमें सरला बिरला स्कूल, उषा मार्टिन, अनगड़ा रिसोर्ट और एक बीजेपी नेता का ठिकाना शामिल है।

न्यूज ब्रीफ

## झारखंड पब्लिक स्कूल,मोहन मना बाल दिवस



**खलारी:** झारखंड पब्लिक स्कूल,मोहन नगर में गुरुवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस सह बाल दिवस विद्यालय प्रांगण में बच्चों के साथ सभी शिक्षकों के द्वारा केक काटकर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक सभी बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं उनके जीवन पर प्रकाश डाला इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक चौहान ने बच्चों को चाचा नेहरू के आदर्शों पर चलने की बात कही और उनका प्रसिद्ध वाक्य आराम हराम है से अपनी बातों का अंत किया जबकि विद्यालय के उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने नेहरू जी के जीवन परिचय पर अपनी बात रखी व बच्चों को आगे नेहरू जी से प्रेरणा लेकर देश हित में काम करने का संदेश दिया इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिक किरण देवी, फरीदा खातून ,आकांक्षा साजिया ,परवीन ,पूजा मंडल, किरण कुमारी ,प्रिया कुमारी, नाजिया परवीन गीता कुमारी, गणेश महतो ,रमेश महतो ,मनोज यादव ,राजेंद्र कुमार ,जीतेन्द्र चौहान व अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड में बाहर से आये हैं लोग, इनके झांसे में ना आये : अमित महतो



**सिल्ली :** बाहर से कई लोग झारखंड के लोगों को ठगने के लिए आये है ये लोग व्यापारियों की जमात है इनके झांसे में ना आये. 23 तारीख के बाद ये लोग यहां दिखेंगे नही, हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी महागठबंधन की सरकार ने पिछले 5 वर्षों में झारखंडियों के लिए कई कार्य किए. मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना, मुफ्त बिजली योजना, ऋण माफी योजना समेत कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए, जिससे झारखंड की जनता सीधी लाभान्वित ही रही है उन्होंने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में फिर से हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में बनेगी और हमारा झारखंड राज्य विकास की बुलंदी को छूएगा, भाजपा इनके दोस्त केवल घोषणाएं करते हैं यह बातें झामुमो प्रत्याशी अमित महतो चुनावी जनसंपर्क के दौरान कहा। मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सिल्ली :** निर्दलीय प्रत्याशी धनपति महतो ने सिल्ली सिंगपुर एंव छोटा मुरी में जनसंपर्क अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने लोगों से हेलमेट छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने का अपील किया। महतो ने कहा क्षेत्र में लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है हम चुनाव जीत रहे है , 20 साल में क्षेत्र में विकास का जो सही मायने में काम होना चाहिए वो नहीं हुआ है केवल दहशत फैला कर दारू मुर्गा खिलाकर और पैसे बांटकर वोट लिया गया है इस चक्कर में अनेकों युवाओं का भविष्य बर्बाद हुआ है। मेरा लोगों से अपील है कि लोग अपना बहुमूल्य वोट को दारू मुर्गा और एक सौ दो सौ में ना बेचें। इस मौके पर सिंगपुर में कई युवाओं ने नरेंद्र मोदी विचार मंच का दामन थामा, महतो ने सभी को पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## पुरुषोतम मिश्रा ने दी बाल दिवस की बधाई



**मुरी:** सिल्ली में पंडित नेहरू के जन्म दिवस को बार दिवस के रूप में मनाया गया और बच्चों के बीच चाकलेट एवं खाने की चीज बांटा गया। कार्यक्रम बुंडू रोड स्थित दुर्गा बाडी में किया गया, जहां के पुरोहित पुरुषोत्तम मिश्रा ने बाल दिवस के हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नेहरू को बच्चे एवं गुलाब प्रिय थे। हमें महान लोगों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

## झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को सौंपा 16 सूत्री मांग पत्र

बोकारो : चास प्रखण्ड के सोनाबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में आयोजित महागठबंधन के प्रत्याशी श्वेता सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने आये झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा आंदोलकारीयों ने अपने हक, अधिकार, मान - सम्मान, पहचान, पेंशन, मकान, प्रशस्ति पत्र एवं जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने सहित 16 सूत्री मांग पत्र कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही बोकारो विधानसभा के प्रत्याशी श्वेता सिंह एवं चन्दनकियारी प्रत्याशी उमाकांत रजक की उपस्थिति में सौंपा गया।प्रतिनिधि मण्डल में जिलाध्यक्ष राजदेव माहथा के नेतृत्व में आंदोलनकारी परीक्षित माहथा, खगेन्द्र नाथ वर्मा, मंजूर हुसैन, नारायण सिंह चौधरी, संजय लाल महतो, शक्ति पद माहथा, अशोक माहथा, अम्बुज माहथा, दक्षिनेश्वर सिंह चौधरी, अनिल सिंह,कृष्णा तिवारी,धनंजय सिंह,करमचंद महतो, मनिन्द्र महतो, सहीद अंसारी,निखिल चन्द्र मल्लिक,नीलकंठ महतो, श्याम सुन्दर यादव,गोलबाबू अंसारी, रमजान खान,निबारण तिवारी मथन कुमार, नीलपद महतो, हराधन तुरी,सिकंदर शेख सहित अनेकों अलग राज्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# सोरेन सरकार को राहत, 'मंईयां सम्मान योजना' के खिलाफ चुनौती को झारखंड हाइकोर्ट ने किया खारिज

### झारखंड की महिलाओं की बड़ी जीत है: कल्पना सोरेन

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई 'मैय्या सम्मान योजना' को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रौशन की बेंच ने विष्णु साहू द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की। जहां साहू ने यह आरोप लगाया था कि 21 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को 12,000 रुपये सालाना देने वाली यह योजना चुनावी फायदे के लिए शुरू की गई है।

बता दें कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर हो रहे चुनाव का पहला चरण बुधवार को खत्म हुआ। दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होना है वहीं 23 नवंबर को सभी सीटों की मतगणना होनी है।

नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं- कोर्ट

विष्णु साहू द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राव ने याचिका खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति राव ने याचिका खारिज करते हुए तर्क दिया कि अदालत राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी, क्योंकि इस योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को वित्तीय मदद देना है।



विष्णू साहू का आरोपः वहीं इस मामले में साहू ने अपनी याचिका को विस्तार में देखें तो उन्होंने आरोप लगाया था कि यह योजना चुनाव से पहले वोटरों को आकर्षित करने के लिए एक राजनीतिक हथकंडा है। उन्होंने कहा कि यह योजना सत्तारूढ़ दल को चुनावी फायदे दिलाने के लिए बनाई गई है।

हेमंत सोरेन ने दी अदालत के फैसले पर प्रतिक्रियाः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अदालत के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा जताया। इसके साथ ही झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह झारखंड की महिलाओं की बड़ी जीत है और योजना के खिलाफ दायर याचिका को खारिज करना एक जोरदार जवाब है। उन्होंने कहा दिसंबर से महिलाओं के खातों में 2,500 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे।

## डीपीएस बोकारो ने जीता इंटर-डीपीएस बास्केटबॉल चैंपियनशिप पूर्वी क्षेत्र का खिताब

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो की प्रतिभावान बास्केटबॉल टीम ने डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता को 30-7 के बड़े अंतर से हराकर इंटर-डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट बालक वर्ग (ओपन) 2024 के पूर्वी क्षेत्र की चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पूर्वी क्षेत्र (ईस्ट जोन) की कुल 15 टीमों ने भाग लिया। चैंपियन टीम ने अपने उत्कृष्ट कौशल, खेल भावना और उत्साह के साथ हर मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। इसके साथ ही डीपीएस बोकारो की टीम प्रतियोगिता के नेशनल के लिए क्वालीफाई कर गई। इसके पूर्व, पूर्वी क्षेत्र (जोन- 4) के समूह मैचों में डीपीएस बोकारो ने डीपीएस आसनसोल, डीपीएस सिलीगुड़ी और डीपीएस फुलबाड़ी को बड़े अंतर से हराकर जीत की श्रृंखला बनाई और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए डीपीएस गया को 27-21 से



हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके बाद क्रमशः सेमीफाइनल में डीपीएस बोकारो ने मेजबान टीम डीपीएस रूबी पार्क को 47-15 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अंततः फाइनल में डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता को 30-7 अंकों के अंतर से करारी शिकस्त देकर जोनल विजेता के खिताब पर अपना कब्जा बना लिया। विजयी होकर बोकारो लौटने पर गुरुवार को विद्यालय में विजेता टीम का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने चैंपियंस को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी टीम को बेहतर प्रदर्शन के प्रति अपनी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की विजेता टीम में कप्तान मृत्युंजय रपज, उपकप्तान आदित्य राज चौहान, टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार जीतने वाले आदित्य कुमार सिंह सहित आर्यन सिंह, आदित्य आर्या, अरुणोदय सिंह, मृदुल अमन, श्रीयेश कुमार, चेतन राजपूत, सिद्धांत त्रिपाठी, प्रीतम घोष और रितेश कुमार के साथ कोच के रूप में विद्यालय के खेल शिक्षक देवेन्द्र कुमार शामिल थे। डीपीएस बोकारो की टीम अगले महीने 13-14 दिसंबर को डीपीएस प्रयागराज की मेजबानी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

## डीपीएस बोकारो में बाल दिवस पर छात्र की भूमिका में नजर आये शिक्षक

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और बच्चों के चहेते रहे चाचा नेहरू की जयंती पर गुरुवार को डीपीएस बोकारो में बाल दिवस पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। खास बात यह रही कि इस अवसर पर शिक्षक विद्यार्थियों की भूमिका में नजर आए। उन्होंने गीत गाकर, नाच कर, बाजे बजाकर, कविता सुनाकर, हंसाकर-गुदगुदाकर और फैशन-शो प्रस्तुत कर बच्चों को रिझाया और उनका भरपूर मनोरंजन किया। विद्यालय की दोनों ही इकाइयों में शिक्षकों ने बच्चों के लिए न केवल आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, बल्कि प्रार्थना-सभा की सभी प्रक्रियाएं भी स्वयं संपन्न की।

सीनियर इकाई में आयोजित विशेष सभा की शुरूआत शिक्षकों ने सामूहिक गुरु वंदना मोहे लागी लगन गुरु चरणन... से की। इसके बाद क्रमशः सुविचार, समाचार-वाचन तथा काव्य-प्रस्तुति से शिक्षकों ने भरपूर तालियां बटोरीं। इस क्रम में मतदाता जागरुकता को लेकर ओपन क्विज हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बहती हवाओं में कभी, चांद सितारों



में कभी गीत की सुरीली सामूहिक प्रस्तुति की। संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की मेडली प्रस्तुत की, जिसके बाद नृत्य शिक्षकों ने कथकली और भरतनाट्यम का सुंदर फ्यूजन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसी प्रकार, प्राइमरी इकाई में शिक्षकों ने नृत्य, संगीत, हास्य-प्रस्तुति और फैशन-शो के जरिए नन्हे विद्यार्थियों का मन मोह लिया।

ट्ट सदैव ऊंचा रखें अपना लक्ष्य, बड़ों का करें आदर : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने चाचा नेहरू के बच्चों के साथ जुड़ाव की चर्चा की तथा विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को सकारात्मकता के साथ अपने जीवन को स्वच्छंदता और आनंद-भाव के साथ जीने का संदेश दिया। उन्हें परिश्रम करने, अपना लक्ष्य ऊंचा रखने, अपने बड़ों का आदर-सम्मान करने तथा देश का बेहतर नागरिक बनने की प्रेरणा भी दी। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को आगामी 20 नवंबर को अपने माता-पिता और आस-पड़ोस के लोगों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करने का भी संदेश दिया। विद्यालय की ओर से समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केन्द्र के विद्यार्थियों के लिए भी एक अलग समारोह के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

## कल्पना सोरेन ने योगेंद्र महतो के पक्ष में की जनसभा

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोमिया :** गोमिया विस क्षेत्र अंतर्गत कसमार प्रखंड के सपाहीटांड़ में झामुमो की स्टार प्रचारक सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि गोमिया से मेरे बड़े भैया योगेंद्र प्रसाद महतो को अपनी पूरी ताकत के साथ जीताकर विधानसभा भेजें और हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाएं। गरीब, असहाय, वंचित व हर वर्ग के उत्थान और विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को तीव्र गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भाजपा और आजसू ने 17 वर्षों तक शासन किया। सवाल बहुत बड़ा है कि आखिर क्यों नहीं इनलोगों ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति बनाई। पिछड़ा वर्ग का आरक्षण किसने कम किया। किसानों का लोन, बकाया बिजली का बिल क्यों नहीं



माफ किया। भाजपा के लोग पूंजीपतियों का लोन माफ कर सकते हैं, सहूलियत दे सकते हैं। ये लोग गरीबों, किसानों, मजदूरों को उनके हाल पर छोड़ देने वाले लोग हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जब दृढ़संकल्प के साथ गरीबों, वंचितों, आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यको, पिछड़ा और अगड़ा वर्ग के लिए ऐतिहासिक काम कर रहे हैं तो भाजपा आजसू के लोग साजिश करते हैं। हेमंत जी को जेल में डाल दिया। लेकिन जब हेमंत जी बाहर आए तो उन्होंने सबसे पहले आधी आबादी को मईया सम्मान योजना दी और इसके चार किस्त भुगतान हो चुके हैं। दिसंबर से राज्य की झामुमो सरकार 2500 रुपए देने जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में दो साल चले गए और पांच महीने विपक्षियों ने साजिश के तहत हेमंत जी को जेल में बंद कर दिया। शेष ढाई साल में हेमंत जी ने ऐतिहासिक काम कर जनता को सहूलियतें देने का काम किया है। जो विपक्षियों ने अपने 17 साल के शासन में नहीं किया था। अपने संबोधन में कल्पना मुर्मू सोरेन ने इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो को भारी मतों से जीताने का अपील किया। सभा को संबोधित करते हुए झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को मइया सम्मान योजना के माध्यम से हक, अधिकार और सम्मान दिया है। विपक्षी प्रत्याशी लंबोदर महतो पर भी खूब हमला बोला और कहा कि झूठ, फरेब और साजिशों की राजनीति करने वाले आजसू के लोगों को वोट का करारा चोट दें। उन्होंने जनसभा से अपील किया कि आगामी 20 नवंबर को अपना वोट सिर्फ तीर धनुष छाप पर देकर गोमिया और राज्य के विकास के मार्ग को प्रशस्त करें। इस चुनावी सभा को गोमिया के पूर्व विधायक बबीता देवी समेत झामुमो के अन्य वरीय नेताओं ने भी संबोधित किया।

## राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर महगामा में रोका गया

रांची। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आज महगामा में कार्यक्रम था। चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद वह बेरमो के लिए प्रस्थान कर रहे थे। इसी बीच महगामा में राहुल गांधी के हेलकॉप्टर को क्लीयरेंस नहीं दिया जा रहा है। उनके हेलीकॉप्टर को रोका गया है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जमुई में कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद वह देवघर होते हुए जाएंगे। इसी कारण से राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को क्लीयरेंस नहीं मिल रहा है। जबकि महगामा बाद राहुल गांधी का बेरमो में भी एक कार्यक्रम होना है। हालांकि जितनी देर राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर रुका हुआ है उतनी देर में लोग उनके साथ तस्वीरें खींचवा रहे हैं।

बोकारो में गरजे बुलडोजर बाबा योगी आदित्यनाथ, कहा

# जब- जब हम बटे थे तब - तब कटे थे, एक रहेंगे सेफ रहेंगे

### यूपी में अब ना घुसपैठिए है ना लव जिहाद और ना दंगा है सब चंगा

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के पुस्तकालय मैदान में भाजपा द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बोकारो भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण, चंदनकियारी प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी,कुमार अमित, डॉ प्रकाश सहित कई वरिष्ठ नेतागण मंच पर मौजूद थे। सभा में बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की इस धरती को घुसपैठिए रोहिंग्या घुसपैठिए की यहां पर अराजकता नहीं करने देना है मुझे बताया गया कि चंदनकियारी में क्या हुआ मुर्ति के जुलूस पर हमला कर दिया गया मूर्ति खंडित कर दी गई। विस्थापितों की बेटियों बहनों के साथ छेड़छाड़ करते हैं इन दुष्टो और अराजकताओं का काट केवल भाजपा है याद रखिए 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में भी ऐसे ही होता था और आज उत्तर प्रदेश में ना कोई घुसपैठिए है ना लव जिहाद है और ना दंगा है सब चंगा है। यह नया भारत है यह छेडता नही है जो छेड़ता है उसे छोडता भी नही है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, आरजेडी की सरकार ने कहा की सरकार आएगी तो सिलेंडर देगें जब



सरकार थी तो काहे नही दिया। यहां के लोगो को भी देगें घुसपैठिए को भी देंगें। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अब तक क्या किया है लव जिहाद किया है जनजातियों बेटियो को बहकाकर ये घुसपैठिए घर में घुस गये है हमारी सरकार बनी तो ऐसे घुसपैठिए को घर से निकालकर बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगें। कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी सब जाति के नाम पर लोगो को लडाने का काम कर रही है इस लिए आप बटेगें तो कटेंगे। डबल इंजन की सरकार की माप क्या है कांग्रेस कहती थी की राम है ही नही लेकिन डबल इंजन की सरकार में राम मंदिर का निर्माण किया,बटें थे तो कटें थे इसलिए एक रहेंग तो सेफ रहेगें। इसलिए भाजपा ने बोकारो से बिरंची नारायण और चंदनकियारी से अमर बाऊरी को प्रत्याशी बनाया है इन्हे आपका साथ चाहिए आप जिताकर हाथो को मजबूत करने का काम करें।

# झारखंड में मतदान के पहले चरण के बाद हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू: अमित शाह

मेट्रो रेज

**रांची/ गांडेय:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद उनकी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

शाह ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड में सरकार बनाने को लेकर आश्वस्त है। सोरेन और झामुमो नीत गठबंधन के नेताओं पर झारखंड के समृद्ध खनिज और अन्य संसाधनों को लूटने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने राज्य के गरीबों के लिए केंद्र द्वारा भेजे गए 3 190 लाख करोड़ रुपये भी हड़प लिए हैं।

शाह ने गांडेय में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,झारखंड



### शाह ने गांडेय में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। हम हेमंत सोरेन को जनता के लूटे हुए पैसे को भ्रष्ट नेताओं में बांटने से रोकेंगे।

में हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। हम हेमंत सोरेन को जनता के लूटे हुए पैसे को भ्रष्ट नेताओं में बांटने से रोकेंगे। जनता से लूटा गया एक-एक पैसा राज्य के खजाने में वापस किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की नाक के नीचे घुसपैठ होने की वजह से आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) की आबादी कम हो रही है, लेकिन कल्पना सोरेन उनसे ही वोट मांग रही हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय से झामुमो की निवर्तमान विधायक और पार्टी उम्मीदवार हैं। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अयोध्या में भाजपा ने रामलला को मंदिर में प्रतिष्ठापित कराया लेकिन कांग्रेस नेता को अब तक अयोध्या जाने का समय नहीं मिला।



## केन्द्रीय सरना समिति ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**रांची:** केन्द्रीय सरना समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में कोकर स्थित समाधि स्थल में जाकर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया। मुख्य रूप से मुख्य पहान जगलाल पहान, शोभा कच्छप, अशोक उरांव, विस्वास उरांव, जगन्नाथ तिर्की,किरण तिर्की, मुकेश मुंडा,अशिष मुंडा डहरू उरांव व अन्य मौजूद थे।

## घुसपैठियों को भी देंगे 450 रुपये में सिलेंडर..., कांग्रेस नेता के बयान पर झारखंड में बवाल, बीजेपी ने बोला हमला

मेट्रो रेज

**रांची:** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने घुसपैठियों को लेकर एक ऐसा बयान दिया जिससे सियासी पारा चढ़ गया है। गुलाम अहमद मीर ने घुसपैठियों को लेकर भाजपा के रुख पर सवाल उठाया और पूछा कि इस शब्द से पार्टी का क्या मतलब है। मीर ने कहा कि केंद्र में 10 साल तक सत्ता में रहने के बावजूद बीजेपी घुसपैठियों की पहचान नहीं कर पाई है। बीजेपी को बताना होगा कि घुसपैठिए कौन हैं। एक अन्य विवादास्पद टिप्पणी में, उन्होंने कहा कि यदि इंडिया ब्लॉक सत्ता आती है ना हिंदू देखा जाएगा ना मुसलमान और घुसपैठियों को भी 450 रुपये में सिलेंडर देंगे।



मीर की यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा झारखंड में एक रैली में की गई घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आई है कि यदि भाजपा चुनी जाती है, तो वह आदिवासियों की भूमि को घुसपैठियों से बचाने के लिए उपाय करेगी। सोमवार को सरायकेला में एक रैली में बोलते हुए, शाह ने कहा कि भाजपा आदिवासी महिलाओं से शादी करने वाले घुसपैठियों को भूमि हस्तांतरण को रोकने के लिए एक कानून लाएगी। अब भाजपा ने गुलाम अहमद मीर के इस बयान को मुद्दा बना लिया है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस झारखंड में घुसपैठियों को गैस सिलेंडर देने की घोषणा कर रही है। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर कह रहे हैं कि हम घुसपैठियों को 450 रुपये में सिलेंडर देंगे। ये वो घुसपैठिए हैं जो बांग्लादेश से हमारे देश में आए हैं। मैं कहना चाहता हूं कि राज्य खतरे में है और आप सभी को इसे बचाना है। अमित शाह ने कहा कि आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की नाक के नीचे घुसपैठ होने की वजह से आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) की आबादी कम हो रही है, लेकिन कल्पना सोरेन उनसे ही वोट मांग रही हैं।

## अजीम प्रेमजी विवि ने यूजी पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किया




**रांची :** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अपने पूर्णकालिक दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रमों - एमए शिक्षा, एमए विकास, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच), एमए अर्थशास्त्र, एमए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा और हमारे चार वर्षीय पूर्णकालिक, आवासीय स्नातक कार्यक्रमों - बीए ऑनर्स और बीएससी ऑनर्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के बैंगलोर और भोपाल परिसरों में पेश किए जाएंगे और इनका उद्देश्य कठोर शिक्षा प्रदान करना है जो छात्रों में विशेषज्ञता और सामाजिक प्रतिबद्धता विकसित करती है, जिससे सार्थक कैरियर के अवसर और उच्च शिक्षा के रास्ते खुलते हैं।

## रांची आये बॉलीवुड एक्टर्स



**रांची:** बॉलीवुड एक्टर रजा मुराद , अली खान और विलन अजीत का बेटा शहजाद खान बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट पहुंचे । रांची के रहने वाले बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, बुलंद अख्तर शोएब उर रहमान, मास्टर समीउल्लाह , आनंद जालान औरंगजेब खान आदि सभी ने गर्म जोशी से बुके देकर स्वागत किया । रजा मुराद ,अली खान और शहजाद खान के रांची एयरपोर्ट पहुंचने ही लोगों की भीड़ जमा हो गई सभी लोगों ने फोटो खिंचवाने के लिए जिद करने लगे । सभी लोगों ने फोटो खिंचवाया । इसके बाद शादी फंक्शन में शामिल होने के लिए रांची एयरपोर्ट से सीधे पतरातु रिजॉर्ट के लिए रवाना हो गए । राजा मुराद और शहजाद खान को रांची का मौसम बहुत ही अच्छा लगा और रांची को भी खूब पसंद किया ।

## बाबूलाल मरांडी ने झारखंडवासियों को दी बिरसा जयंती की शुभकामनाएं



**रांची:** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिरसा जयंती के अवसर पर झारखंडवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें सादर नमन करता हूं। अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में उलगुलान का बिगुल फूंककर उन्होंने जन चेतना जागृत की। मातृभूमि और आदिवासी समाज के अस्मिता की रक्षा के लिए किया गया उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। मरांडी ने इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज के लिए सशक्त और स्वाभिमानी आदर्श स्थापित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## बिरसा मुंडा पर माल्यार्पण बाद देवेंद्रनाथ महतो का चुनावी दौरा

**सिल्ली:** राज्य में दूसरे चरण की मतदान नजदीक है। प्रत्याशी अपने मतदाता को समझाने में लगा हुआ है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने विचारधारा के साथ चुनावी अभियान को तेज कर दिया। सिल्ली विधानसभा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने आज शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्मोउत्सव मनाया। बंता चौक सिल्ली में बिरसा मुंडा जी के आदमकद प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण करते हुए उनके विचारधारा को स्मरण किया गया। जिसमें संगठन के कार्यकर्ता और सैकड़ो लोग मौजूद रहे। माल्यार्पण पश्चात ही आज के चुनावी दौरा को आरंभ किया। बंता दक्षिणी, बंता उत्तरी, पतराहातू , बड़ाचांगडु, और दोवाडू पंचायत का दौरा पर निकले। प्रत्याशी श्री महतो ने कहा कि राज्य के सभी राजनीतिक दलों ने भगवान बिरसा जी के सपने को तोड़ने का काम किया है। हमारा संगठन क्रांतिकारी विचारधारा पर आधारित है।



## झारखंड युद्ध क्रांति संघ ने भगवान बिरसा को दी श्रद्धांजलि

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड युद्ध क्रांति संघ के तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की 149 वर्षगांठ एवं झारखंड स्थापना दिवस 24 वर्ष पूरे होने के शुभ अवसर पर झारखंड युद्ध क्रांति संघ के सदस्यों द्वारा लालपुर स्थित डिक्शनरी पुल स्थित भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी और उनके बलिदानों को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नमित हेमरोम, निर्मल उराव, विशाल सिंह, दीपक साहू, मनोज प्रामाणिक, विकास पहन, अभिशेख टोप्पो, गावराब घोष,आयुष सिंह,विशाल उपाध्यछ, उपस्थित थे।

## साइबरपीस 'ग्रीन एनर्जी मिशन में स्टार्टअप्स और साइबर सुरक्षा की भूमिका' पर पैनल चर्चा




**रांची :** साइबरपीस, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियर्स संस्थान और झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सहयोग से, 'ग्रीन एनर्जी मिशन में स्टार्टअप और साइबर सुरक्षा की भूमिका' पर एक पैनल चर्चा की गई । साइबरपीस द्वारा बीएनआर चाणक्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर सुरक्षा और हरित ऊर्जा के बीच के अंतर को उजागर करना, नवाचार को बढ़ावा देना और हरित ऊर्जा मिशन के भीतर बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को संबोधित करना है, साथ ही विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों और नेताओं को सुरक्षित, लचीली हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की बढ़ती आवश्यकता को संबोधित करने के लिए एक साथ लाना है।

पैनल ने इन बातो पर चर्चा हुइ. हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में सुरक्षा चुनौतियाँ - नवीकरणीय ऊर्जा में साइबर सुरक्षा खतरों की पहचान करना और उनका समाधान करना, जैसे स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा उत्पादन और भंडारण प्रणालियों में कमजोरियाँ।

स्टार्टअप्स द्वारा अभिनव साइबर सुरक्षा समाधान यह दशार्ता है कि किस प्रकार स्टार्टअप्स हरित ऊर्जा अवसंरचना की सुरक्षा के लिए एन्क्रिप्शन, घुसपैठ का पता लगाने और ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठा रहे हैं।जोखिम प्रबंधन और अनुपालन - हरित ऊर्जा क्षेत्र के लिए विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु रणनीतियों की जांच करना। सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास - सुरक्षित, टिकाऊ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने में शिक्षा, उद्योग और सरकार के बीच साझेदारी पर चर्चा करना। सुरक्षित ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा देना - हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए पूवार्नुमानित सुरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के उपयोग की जांच करना। इस अवसर पर वक्ताओं में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीके सिंह, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के डिजिटलीकरण और आईओटी 4.0 के प्रमुख वेद प्रकाश, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियर्स संस्थान के अध्यक्ष उमेश प्रसाद साह, साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार, फ्लोकार्ड के सीईओ अमितेश आनंद, मिशन ब्लू के निदेशक पंकज सोनी समेत अन्य शामिल थे। इस बीच पैनल का संचालन साइबर सुरक्षा और हरित प्रौद्योगिकी के प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

## एकता कमेटी ने गुरु नानक जयंती पर सभी सिख भाई- बहनों को दी बधाई



**रांची:** भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने मेन रोड गुरुद्वारा में जाकर गुरु नानक जयंती के शुभ अवसर पर बुके देकर बहुत-बहुत बधाई दिल से मुबारकबाद दिया है ! इस शुभ अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने सभी सिख भाइयों बहनों को बहुत-बहुत बधाई दी है और कहा के अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत दे सब बंदे एक नूर से सब जग उपजेया कौन भले कौ मंदे ! हम लोग सबसे पहले इंसान हैं और इंसान का कर्तव्य होता है के सभी धर्म समुदाय को मान सम्मान देना इज्जत देना भारतीय एकता कमेटी सभी धर्म समुदाय को शुरू से हमेशा मान सम्मान देती है और देते रहेगी एक बार फिर सभी देशवासियों को गुरु नानक जयंती का बधाई दी।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े: अटल बिहारी वाजपेय**

## बुलडोजर न्यायाधीश नहीं

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुलडोजर से की जा रही कार्रवाई पर दूरदर्शी फैसला सुनाते हुए इसे असंवैधानिक बताया है जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। कुछ महीनों से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,राजस्थान, गुजरात,झारखंड और दिल्ली में बुलडोजर न्याय के तहत आपराधिक मामलों में आरोपियों के मकानों और अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने इस कार्रवाई पर लक्ष्मण रेखा खींच दी है। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि किसी आरोपी का घर सिर्फ इसलिए नहीं गिराया जा सकता कि उस पर किसी अपराध का आरोप है। विद्वान जजों ने फ्रांस में प्रबुद्धता युग के राजनीतिक विचारक और न्यायविद् चार्ल्स ड़ी मॉन्टेस्क्यू के शक्तियों के पृथक्करण सिद्धांत के तहत कहा कि आरोपों पर फैसला करना न्यायपालिका का काम है कार्यपालिका का नहीं। जाहिर है कि भारतीय संविधान में सरकार के तीनों अंगों के कार्यों के विभाजन का प्रावधान है। न्यायाधीश और न्यायपालिका का काम पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कैसे कर सकते हैं। उदार लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था नागरिकों के राजनीतिक अधिकारों के साथझसाथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से राज्य की शक्तियों को सीमित करती है। यह फैसला राज्य के कार्यों को सीमित करने और कानून का शासन स्थापित करने वाला है। अदालत ने कहा है कि विधि का शासन लोकतांत्रिक शासन का मूल आधार है जो सुनिश्चित करता है कि कोई व्यक्ति जघण्य अपराध का दोषी पाया भी जाता है तो भी राज्य कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसके घर पर बुलड़ोजर नहीं चला सकता। अदालत ने बुलड़ोजर कार्रवाई के संबंध में सख्त गाइड़लाइंस जारी की हैं। कोई अधिकारी अदालत के निदेर्शों का पालन नहीं करता है और किसी के घर पर बुलडोजर चलाता है तो उस पर अवमानना और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी और ध्वस्त संपत्ति की लागत उसकी जेब से वसूली जाएगी। अतिक्रमण के आरोपी को नोटिस भेजने, जवाब देने का मौका आदि प्रावधान बनाए गए हैं। लेकिन अदालत ने सार्वजनिक स्थलों पर अवैध निर्माण को इन निदेर्शों के दायरे से मुक्त रखा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधि के शासन को मजबूत करने की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा।

## शिखर पर महंगाई दर

**अक्तूबर** में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्तूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है। बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है। किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई है, जो सर्वाधिक है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवड़ियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चचाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है। डाटा में यह भी बताया गया है कि 11 राज्यों में महंगाई दर 6 फीसदी से कम रही है। बहरहाल आकलन किया जा रहा है कि ऐसी बढ़ोतरी के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर औसतन 4.8 फीसदी रहेगी, जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य की परिधि में है। गौरतलब यह है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्तूबर में 10.87 फीसदी रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी थी। बताया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता से कई राज्यों में फसलें प्रभावित हुईं। आलू-टमाटर समेत प्रमुख सब्जियों के उत्पादन कम हुए। मांग और आपूर्ति में फासला बढ़ा। बहरहाल सरकारी आंकड़ों में महंगाई की जो भी तस्वीर सामने आती है, वह आम आदमी को चुभने वाली है। उसकी जेब पर असर पड़ रहा है। कोरोना महामारी के बाद आम आदमी की औसतन आय नहीं बढ़ी, बल्कि बचत भी मात्र 9 फीसदी रह गई है। ऐसे में वह महंगाई का सामना कैसे करे? कारण कुछ भी हों, लेकिन 2023 में 2851 किसानों ने आत्महत्याएं कीं। देश न जाने किसके लिए आर्थिक महाशक्ति है, लेकिन आम आदमी महंगाई से बेदम, बेहाल है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार को इस मुद्दे पर जरूर सोचना चाहिए। अगर महंगाई को तुरंत लगाम नहीं लगाई गई, तो गरीब व मध्यम वर्ग का जीना निश्चय ही कठिन हो जाएगा।

# चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव शरद पूर्णिमा

शरद पूर्णिमा की रात्रि को खुले आसमान के नीचे रखी जाने वाली खीर का औषधीय के अलावा वैज्ञानिक महत्व भी सिद्ध हो चुका है। दरअसल दूध में प्रचुर मात्रा में लैक्टिक एसिड होता है, जो चंद्रमा की तेज रोशनी में दूध में पहले से मौजूद बैक्टीरिया को और बढ़ाने में सहायक होता है। दूसरी ओर खीर में पड़े चावलों में मौजूद स्टार्च इस कार्य को और भी आसान बना देता है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की रोशनी सबसे तेज होती है और रात में चांदी के बर्तन में खीर रखने से उसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का विस्तार होता है। दरअसल चांदी के बर्तन में रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी ज्यादा होती है, इसलिए घर में अगर कोई चांदी का बर्तन हो तो शरद पूर्णिमा की रात उसमें खीर रखना सबसे ज्यादा फायदेमंद है।

**योगेश कुमार गोयल**

**हिंदू** धर्म में वैसे तो प्रत्येक पूर्णिमा का अपना एक अलग महत्व है और हर पूर्णिमा तिथि को धनदायक तथा शुभ माना जाता है, किन्तु कुछ विशेष पूर्णिमा तिथियों को बेहद शुभ एवं समृद्धशाली माना गया है और इन्हीं पूर्णिमा में से एक है शरद पूर्णिमा। हिन्दू पंचांग में आश्विन मास में आने वाली इस पूर्णिमा का सर्वाधिक महत्व माना गया है, जो धनदायक पूर्णिमा भी मानी जाती है। चंद्रमा जब हर महीने शुक्ल पक्ष की आखिरी तिथि को पूर्ण रूप से आसमान में दिखाई देता है, वह पूर्णिमा तिथि होती है और आश्विन मास की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा पर्व के रूप में मनाया जाता है, जो हिन्दू धर्म में सर्वाधिक धार्मिक महत्व वाली पूर्णिमा मानी जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष आश्विन शुक्ल की पूर्णिमा तिथि 16 अक्तूबर की रात 8 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी और 17 अक्तूबर को शाम 4 बजकर 55 मिनट तक रहेगी। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पर्व 16 अक्तूबर को ही मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा वास्तव में एक ऐसा धार्मिक पर्व है, जिसमें चंद्रमा के पूर्ण स्वरूप का उत्सव मनाया जाता है। इसीलिए इस दिन चंद्रमा की पूजा की जाती है। शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की रोशनी धरती को अपने प्रकाश से आलोकित करती है और इसी उजियारे के बीच पूर्णिमा का यह पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस पूर्णिमा पर चंद्रमा से उत्पन्न होने वाली किरणें अद्भुत, स्वास्थ्यप्रद और पुष्टिवर्धक गुणों से भरपूर होती हैं और चंद्रमा की इन रश्मियों से आरोग्य की प्राप्ति भी होती है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में चंद्रमा को औषधीश (औषधियों का स्वामी) कहा गया है। चंद्रमा मनसो जातः यानी चंद्रमा को वेद, पुराण एवं ग्रंथों में मन के तुल्य स्वीकार किया गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, ह्यपुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः, यानी मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चंद्रमा होकर संपूर्ण औषधियों और वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वर्षभर में केवल शरद पूर्णिमा के ही दिन चंद्रमा सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है अर्थात चंद्रमा पूरी 16 कलाओं के साथ उदय होते हैं। ये 16 कलाएं हैं अमृत, मनदा, पुष्प, पुष्टि, तुष्टि, धृति, शाशनी, चंद्रिका, कांति, ज्योत्सना, श्री, प्रीति, अंगदा, पूर्ण, पूणामृत, प्रतिपदा। भारतीय ज्योतिष शास्त्र के अनुसार प्रत्येक कला मनुष्य की एक विशेषता का प्रतिनिधित्व करती है और इन सभी 16 कलाओं से सम्पूर्ण व्यक्तित्व बनता है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार केवल भगवान श्रीकृष्ण ही सभी सोलह कलाओं से युक्त थे। शरद पूर्णिमा को कौमुदी अर्थात चन्द्र प्रकाश, कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। कोजागर का अर्थ है कौन जाग रहा है और इसके पीछे मान्यता है कि इस रात में जागकर जो श्रद्धालु मां लक्ष्मी की उपासना करते हैं, उन पर लक्ष्मी की कृपा अवश्य होती है। शरद पूर्णिमा पर्व को भगवान श्रीकृष्ण से भी जोड़ा जाता है और इसे रास पूर्णिमा का नाम दिए जाने के पीछे मान्यता यही है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को ही श्रीकृष्ण ने अपनी मुरली की मधुर धुन पर गोपियों के साथ यमुना तट पर महारास नामक दिव्य नृत्य किया था। धर्मशास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने रासोत्सव का यह दिन वास्तव में जगत की भलाई के लिए ही निर्धारित किया था। आज भी रास पूर्णिमा को वृंदावन और बृज में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा के ही दिन समुद्र मंथन से धन की देवी मां लक्ष्मी की उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए शरद पूर्णिमा को धनदायक भी माना जाता है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी इस दिन पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जो लोग रात्रि जागरण कर उनका पूजन करते हैं, वे उन पर अपनी कृपा बरसाती हैं और उन्हें धन-वैभव प्रदान करती हैं। ऐसी मान्यता भी है कि शरद पूर्णिमा पर व्रत रखकर रातभर सच्चे हृदय से मां लक्ष्मी का पूजन करने से व्यक्ति की कुंडली में लक्ष्मी योग नहीं होने पर भी अथाह धन एवं वैभव की प्राप्ति होती है। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु की भी पूजा अर्चना की जाती है और शिव-पार्वती तथा कार्तिकेय की भी पूजा का विधान है। शास्त्रों में यह उल्लेख भी मिलता है कि लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की अमृतमयी किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण कर पुनर्यौवन की शक्ति प्राप्त करता था। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब होता है और ऐसा प्रतीत होता है, जैसे पृथ्वी चंद्रमा की दूधिया रोशनी में नहा गई है। इस अवसर पर चंद्रमा की विशेष पूजा-अर्चना किए जाने का विधान है और चंद्र देवता को खीर का भोग लगाया जाता है। यह प्रसाद चंद्रमा के सभी सकारात्मक एवं दिव्य गुणों के लिए घर के आंगन में खुले आसमान के नीचे रखा जाता है। दरअसल धार्मिक मान्यताएं हैं कि इस दिन आसमान से अमृत की बूंदों की वर्षा होती है और इस अमृत वर्षा से चंद्रमा की चांदनी में रखी खीर में भी अमृत समा जाता है, जिससे यह खीर अमृत समान हो जाती है, जिसे परिजनों द्वारा सुबह प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दूध, चीनी तथा चावल चंद्र ग्रह से जुड़े हैं, इसलिए इनमें चंद्रमा का प्रभाव सर्वाधिक रहता है। वैसे शरद पूर्णिमा की रात को चांद की रोशनी में खीर रखने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खुले आसमान के नीचे रखी जाने वाली खीर का औषधीय के अलावा वैज्ञानिक महत्व भी सिद्ध हो चुका है। दरअसल दूध में प्रचुर मात्रा में लैक्टिक एसिड होता है, जो चंद्रमा की तेज रोशनी में दूध में पहले से मौजूद बैक्टीरिया को और बढ़ाने में सहायक होता है। दूसरी ओर खीर में पड़े चावलों में मौजूद स्टार्च इस कार्य को और भी आसान बना देता है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की रोशनी सबसे तेज होती है और रात में चांदी के बर्तन में खीर रखने से उसमें रोग प्रतिरोधक क्षमता का विस्तार होता है। दरअसल चांदी के बर्तन में रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी ज्यादा होती है, इसलिए घर में अगर कोई चांदी का बर्तन हो तो शरद पूर्णिमा की रात उसमें खीर रखना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। माना जाता है कि यह अमृतमय खीर खाने से मनुष्य की उम्र बढ़ती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा को वर्षा काल की समाप्ति तथा शीत काल की शुरूआत माना जाता है, अर्थात इस दिन से सर्दियों की शुरूआत हो जाती है। यह वही समय है जब मौसम में परिवर्तन की शुरूआत होती है और शीत ऋतु का आगमन शुरू होता है। शरद पूर्णिमा से ही ऋतु परिवर्तन की शुरूआत होती है। अतः वात, पित्त और कफ दोषों को सही स्थिति में लाने के लिए मधुर रस अर्थात खीर का सेवन किया जाता है। खीर मीठी होती है और शीत ऋतु में होने वाले पित्त को कम करती है। आयुर्वेद के अनुसार शरद पूर्णिमा पर्व का महत्व मौसम परिवर्तन के हिसाब से बहुत ज्यादा है। दरअसल शरद पूर्णिमा से ही मौसम में ठंड की शुरूआत होती है और यह पर्व शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पर अच्छा प्रभाव डालता है तथा आगे चलकर पाचन क्रिया भी सही करता है, जिससे सर्दी के मौसम में गरिष्ठ भोजन कर स्वस्थ रहा जा सकता है। कुछ राज्यों में शरद पूर्णिमा को फसल कटाई के उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है।

# बारिश में टापू बनते शहर

प्रदूषण और भीड़-भाड़ पर नियंत्रण के साथ-साथ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए लंदन में शहर के चारों ओर एक महानगरीय हरित पट्टी है, जो 5,13, 860 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। सवाल यह है कि रिंग रोड और शहरी फैलाव से आगे भारतीय शहरों में ऐसा कुछ क्यों नहीं हो सकता। इस बीच, पेरिस ने इस दिशा में अपनी पहल 15 मिनट सिटी के तौर पर आगे बढ़ाई है। यह विचार काफी सरल है।

**वरुण गांधी**

**दिल्ली**-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पानी से भरी सड़कें, रेंगती गाड़ियों, टूटे वाहनों और घुटनों तक गहरे पानी में अपने दोपहिया वाहनों के साथ चलने वाले नागरिक जैसे परिचित दृश्यों की वापसी के लिए भारी बारिश के सिर्फ एक दिन का समय लगा। बिजली कटौती, ढहती दीवारों और बिजली के झटके के कारण लोगों की मौत भी हुई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इस तरह के दृश्य नए नहीं हैं।

हर बार बारिश के दौरान ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं। चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के स्वरूप में भी परिवर्तन आया है और बारिश कई बार देर तक और बहुत अधिक होती है, ऐसे में, लोगों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मानसून से होने वाली परेशानियों के दृश्य पूरे देश में एक जैसे दिखाई देते हैं। उदाहरण के लिए, दो सप्ताह पहले, बंगलुरु की 126 झीलें उफान पर थीं।

इससे वहां महादेवपुरा, बेलंदूर, बोम्मनहल्ली, मुन्नेकोलालु आदि इलाकों में जल जमाव की स्थिति थी। आलम यह था कि 2,000 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी आ गया था और करीब 10,000 घर अलग-थलग पड़ गए थे। पॉश इलाकों सहित कई जगहों में लोगों को पेयजल और बिजली की समस्या का सामना करना पड़ा। हर तरफ ऐसा मंजर था, जैसे निजी संपत्ति को बट्टे खाते में डाल दिया गया हो।

इस तरह की दुखद स्थिति दरअसल शहरी नियोजन की कमियों की तरफ ही इशारा करती है। आमतौर पर हमारे शहर नियमित रूप से शहरी नियोजन के प्रमुख तत्वों की उपेक्षा करते हैं। नालियों की बेहतर निकासी क्षमता की कमी और झीलों व नदियों पर ध्यान न देने के साथ शहरी स्थानों को कंकरीट में बदलने पर जोर हर तरफ दिखाई देता है। कुल मिलाकर, भारतीय शहर शहरी नियोजन पर सीमित क्रियान्वयन के संकट से ग्रस्त हैं। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट के अनुसार, बंगलुरु जैसे शहर ने ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स, 2020 में क्वालिटी ऑफ लाइफ मेट्रिक के तहत सौ में से 55.67 स्कोर किया। दिल्ली जैसा महानगर राजधानी होने के बावजूद इंडेक्स में 57.56 तक पहुंचा, जबकि भुवनेश्वर जैसे शहर का स्कोर सिर्फ 11.57 था। आदर्श दुनिया में इस तरह की स्थिति अस्वीकार्य है। गौरतलब है कि पश्चिम में वर्ष 1898 में सर एबेनेजर हॉवर्ड द्वारा शुरू किए गए गार्डन सिटी आंदोलन ने शहरों के केंद्र में काम के माहौल को विकेंद्रीकृत करने की मांग की थी। उस आंदोलन ने कारखाने के श्रमिकों के लिए स्वस्थ रहने की जगह प्रदान करने पर तार्किक जोर दिया था। नतीजतन, शहरों को योजनाबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया, जिसमें आत्मनिर्भर समुदायों के साथ पार्क और निवास, औद्योगिक कार्य और कृषि के लिए अलग-अलग क्षेत्र शामिल थे। इस तरह के आंदोलन इस विचार से प्रभावित थे कि फैक्टरी में काम करने वाले लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो। आदर्श गार्डन सिटी की योजना खासतौर पर खुली जगहों, सार्वजनिक पार्कों और बुलेवाड्र्स (मुख्य पथ) के साथ बनाई गई थी। अमेरिका में गार्डन सिटी पड़ोस की अवधारणा के साथ विकसित हुई, जहां एक स्थानीय स्कूल या सामुदायिक केंद्र के आसपास आवासीय घरों और सड़कों का आयोजन किया गया, जिसमें यातायात का दबाव कम करने और सुरक्षित सड़कों की सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया। प्रदूषण और भीड़-भाड़ पर नियंत्रण के साथ-साथ जैव विविधता को बनाए रखने के लिए लंदन में शहर के चारों ओर एक महानगरीय हरित पट्टी है, जो 5,13, 860 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। सवाल यह है कि रिंग रोड और शहरी फैलाव से आगे भारतीय शहरों में ऐसा कुछ क्यों नहीं हो सकता। इस बीच, पेरिस ने इस दिशा में अपनी पहल 15 मिनट सिटी के तौर पर आगे बढ़ाई है। यह विचार काफी सरल है। इसके तहत प्रत्येक पेरिसवासी को अपनी खरीदारी, कामकाज, मनोरंजक गतिविधियों के साथ और अपनी सांस्कृतिक जरूरतों को 15 मिनट की पैदल या बाइक की सवारी के भीतर पूरा करने में सक्षम होना चाहिए। इस सक्षमता का मतलब यह होगा कि वाहनों की आवाजाही की संख्या काफी कम हो जाएगी। इस दिशा में अगला कदम कारों और अन्य वाहनों के बजाय पैदल चलने वालों के लिए शहर की योजना तैयार करना होगा। इसके लिए पैदल यात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे, गैर-मोटर चालित परिवहन क्षेत्रों आदि में निवेश के साथ-साथ मिश्रित उपयोग के विकास की तरफ व्यापकता के साथ बढ़ने की आवश्यकता है। यह दृष्टिकोण राजमार्गों को चौड़ा करने के बजाय पैदल चलने वालों के रास्ते को चौड़ा करने के लिए प्रेरित करेगा। सवाल यह है कि बंगलुरु को एक ऐसे शहर के रूप में फिर से डिजाइन क्यों नहीं किया जा सकता, जहां यातायात की परेशानी न हो और वहां का प्रत्येक निवासी नौकरी, सार्वजनिक सेवाओं, किराने का सामान इत्यादि तक आसानी से पहुंचने में सक्षम हो? क्या भोजन के लिए 10 मिनट की डिलीवरी के बजाय काम करने के लिए 10 मिनट की पैदल दूरी बेहतर नहीं होगी? प्रत्येक भारतीय शहर में आदर्श रूप से एक मास्टर प्लान-यानी एक रणनीतिक शहरी नियोजन दस्तावेज होना चाहिए, जिसे एक-दो दशक के अंतराल पर नियमित रूप से अद्यतन (अप-टू-डेट) किया जाए।

# क्षमा

## चिंतन-मनन

**स्वा**भाविक ही है कि जो हमारे शुभचिंतक हैं वे हमेशा हमारे हित की ही बात करते हैं और हमें वह अच्छी भी लगती है क्योंकि हमारा मन संतुष्टि की खोज में लगा रहता है अर्थात वह खुशियों में भरपूर रहना चाहता है। जब भी हम किसी से बुरा व्यवहार करते हैं और कोई हमें यह बता देता है तब हम अपनी भूल को सुधार सकते हैं। यदि हम भूल करते हैं और कोई हमें प्रोत्साहित करता है कि सब कुछ ठीक हुआ है फिर हम कभी भी सीख नहीं सकेंगे और न ही उस भूल को सुधार सकेंगे। जब कोई हमारा सुधार करना चाहता है शायद ऊपरी तौर पर हमें वह बुरा लगे किंतु अंततः वह हमारी भलाई के लिए ही होता है। हमारा जीवन इस प्रकार हो कि हम लोगों के दुःख- दर्द को समझें और उनके प्रति दयालु हों। हमें उनके साथ मनमाना व्यवहार नहीं करना चाहिए। यदि हमारा व्यवहार दूसरों के लिए दुःखदायी हो तब हम उन वस्तुओं की प्राप्ति का प्रयत्न नहीं करेंगे जिनकी प्राप्ति के लिए हमारी वजह से दूसरों को पीड़ा हो। यदि हमारे मन में किसी के प्रति बुरे विचार हों तो हमें उन्हें रोकना चाहिए। हमारी भावनाएं केवल दूसरों को ही नुकसान नहीं पहुंचातीं बल्कि अंत में हमारा अपना नुकसान भी करती हैं। जो समय हम दूसरों का बुरा सोचने में लगाते हैं। वह ऐसा समय है जब हम अपने बेशकीमती समय को बर्बाद करते हैं। दूसरों की आलोचना में लगाया गया समय हमें प्रभु से मिलने के लक्ष्य से दूर कर देता है। सर्वप्रथम अगर हम दूसरों का बुरा सोचते हैं, तो हम ध्यान- अभ्यास में ध्यान नहीं टिका पाते हैं। दूसरे,वे विचार हमारे साथ दिन भर रहेंगे और मन में खटकते रहेंगे। तीसरा हम नये कर्म बनाते हैं जिनका फल हमें अवश्य भुगतना होता है और आखिर में हम प्रभु की संतान के प्रति प्रेम से खाली हो जाते हैं। प्रभु हमसे कैसे खुश होंगे। जब हम उनके बच्चों के बारे में बुरा सोचेंगे? तो किसी ने आपको जाने या अनजाने में हानि पहुंचाई हो तो उसे माफ कर भूल जाना चाहिए इससे उत्तम दूसरा कोई उपाय नहीं है। यदि आप दूसरों के दुर्व्यवहार को माफ नहीं कर सकते तो इससे आपकी आत्मिक प्रगति रुक जाएगी क्योंकि माफ करना और न्याय पर दृढ़ रहना,दोनों एक-दूसरे के विपरीत हैं। न्याय को भूल जाओ और क्षमा के सुण को अपनाओ।

## आपके पत्र

### जाति- धर्म में न बांटें

**संघ** लोक सेवा आयोग का रिजल्ट आने के साथ ही जाति और धर्म के लंबरदारों ने विजयी होने वाले अपनी जाति और धर्म के युवाओं को खोजकर उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया है। कोई विजयी को ब्राह्मण बता रहा है कोई जाट। कोई चयनित को ठाकुर बताकर बधाई दे रहा है तो कोई सैनी बताकर। प्रदेश और जनपद के चयनित युवाओं को भी बधाई दी जा रही है। कोई गांव के लोगों को अपने गांव का बताकर बधाई दे रहा है तो कोई जिले का बताकर। कहीं अपनी जाति के विजयी आईएएस को समाज की ओर से सम्मानित करने की बात की जा रही है तो कहीं गांव और जनपद की ओर से। कोई ब्राह्मण समाज की ओर से बिरादरी के चयनित को सम्मानित करने की बात कर रहा है तो कोई जाट युवाओं का जाट बिरादरी की ओर से सम्मानित करने के दावे कर रहा है। इन चयनित युवाओं में सब अपनी- अपनी बिरादरी के युवाओं को खोजने में लगे हैं। सब अपनी ढपली लिए हैं, अपनी जाति, धर्म और संप्रदाय की माला जपने में लगे हैं। कहीं किसी को बिहार का बताया जा रहा है, तो कहीं झारखंड का। देश के विकास की गाथा लिखने निकले इन युवाओं का जाति और धर्म में बांटा जा रहा है। इन युवाओं को जातियों,धर्म और संप्रदाय में बांटने का जाने-अनजाने किया जा रहा प्रयास बहुत गलत गलत कार्य है। यह समाज को जाति, वर्ग और धर्म में बांटने के षडयंत्र का एक भाग है। इससे बचने और दूर रहने की जरूरत है।

**पूनम मिश्रा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा



**साहिबगंज :** झामुमो नगर संयोजक मंडली के अध्यक्ष एवं केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव के नेतृत्व मे वार्ड नंबर 23 कबूतरखोपी में बोरियो विधानसभा प्रत्याशी धनंजय सोरेन के पक्ष में प्रचार प्रसार किया गया।वही भाजपा के कई कार्यकताओं झामुमो से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ झामुमो का दामन थामा।इनमें मुख रूप से सुरेंद्र यादव,गोपाल मंडल, विक्की चौधरी,धर्मराज मंडल, पंकज कुमार,पिंटू कुमार चौधरी, अखिलेश कुमार,रमेश कुमार, नेपाली कुमार चौधरी,सोनू कुमार,छोटू चौधरी के अलावे भी कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## चुनावी दस्तावेजों के गहनता पूर्वक जानकारी ली




**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव-2024 को लेकर 01- राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री सी के प्रसन्ना ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के क्रम में वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मौजूद पदाधिकारियों को व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।सामान्य प्रेक्षक ने साहिबगंज प्रखंड के टिकलीचर के मिडिल स्कूल में बूथ संख्या 49 और 50 का निरीक्षण किया, बूथ संख्या 51 और 52 का निरीक्षण करते हुए।उच्च मध्य विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने बूथ पर मतदान केंद्र की सूचियों का गहन सत्यापन सुनिश्चित करने और सभी आवश्यक चुनावी दस्तावेजों के गहनंता पूर्वक जानकारी ली।प्रेक्षक के द्वारा मतदान केंद्र में मूल भूत सुविधाओं शौचालय, पानी, बिजली, चार्जिंग प्वाइंट, नल की व्यवस्था आदि का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान बीएल ओ अन्य उपस्थित थे।

## पंडित जवाहरलाल की 135 वीं जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनायी



**साहिबगंज:** जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकताओं ने मनायी 135 वीं पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिसकी अध्यक्षता कर रहे साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुद्दीन जिला उपाध्यक्ष बास्की यादव युवा कांग्रेस के जिला सचिव अजफर अहमद अहमद खान जिला सचिव रिजवान अंसारी विक्की शाहरुख खान सतीश पासवान मनीष प्रताप और बहुत सारे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरहरवा दिघी रेलवे ट्रैक से अधेड़ का शव बरामद,जांच में जुटी पुलिस



**साहिबगंज/बरहरवा :** पतना प्रखंड क्षेत्र के दिघी फाटक के समीप रंगा थाना पुलिस ने गुरुवार को ट्रेन से कटे एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है।शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई है।सूचना पर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया है।शव की पहचान बरहरवा थाना क्षेत्र के सातगाछी निवासी कमल मंडल उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है।सूत्र बताते हैं की कमल मंडल के घर पर किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी।जिसको लेकर वह हमेशा तनाव में रहते थे।फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।हत्या या आत्महत्या सभी बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है।

## मतदानकर्मियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं

**लातेहार:** बालूमाथ में मतदान संपन्न करा कर लौट रही मतदानकर्मियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्?त हो गयी. हालांकि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन कुछ एक मतदानकर्मियों को हल?की चोंटे अवश?य आयी हैं. जानकारी के अनुसार सभी मतदानकर्मी 13 नवंबर की देर रात बालूमाथ के झाबर ग्राम से मतदान कराकर ईवीएम जमा करने बस से लातेहार पॉलटेकनिक कॉलेज जा रहे थे. इसी दौरान बस का ब्रेक फेल हो गया और बस आगे-आगे चल रही वाहन से टकरा गयी. घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार व बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ घटनास्थल पहुंचे. उन?होंने सभी मतदानकर्मियों को दूसरे बस में शिफ्ट कर लातेहार भेजा. घटना पर सूचना पाकर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं उनकी मेडिकल टीम भी घटनास्थल पहुंची और प्राथमिक इलाज किया.

# मंईयां सम्मान योजना ने सास बहू के बीच लगाया झगड़ा : हेमंता विश्वशर्मा





### हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में घुसपैठियों को शरण और संरक्षण देने का काम कर रहा

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को केवल घुसपैठियो का वोट चाहिए और इसीलिए हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में घुसपतियों को शरण और संरक्षण देने का काम कर रहा है। हेमंत सरकार को आदिवासी और हिंदुओं की कोई चिंता नहीं। उक्त बातें असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा ने गुरुवार को उधवा स्थित उधवा हाई स्कूल में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। हेमंता विश्वशर्मा ने इस दौरान राजमहल के भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा के पक्ष में लोगों से वोट करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने मईया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 1000 देकर सास बहू के बीच झगड़ा लगाने का काम किया है। हर घर में सास बहू के बीच झगड़ा देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मैया योजना तो महिलाओं को दी गई लेकिन पिछले 6 माह से बुजुर्ग व विधवा को मिलने वाले पेंशन को बंद कर दिया गया। जिस वजह से सास बहू के बीच आज झगड़ा हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक भी घुसपैठियों भाजपा को वोट नहीं करती लेकिन हमारे समाज के लोग जात-पात में बट कर अपना मत इधर-उधर कर देता है। जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पता है। इसीलिए हम आप सभी से कहने आए हैं।कि जात पात न बटे। एक रहोगे तो सेफ रहोगे। सभा में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी एक मत होकर एकजुट होकर भाजपा को वोट दे। तभी आपके क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। हेमंता विश्व शर्मा ने कहा कि हमें लगा कि हेमंत सोरेन आदिवासी है तो उन्हें आदिवासियों की चिंता होगी लेकिन ऐसा नहीं है हेमंत सोरेन को आदिवासियों की नही घुसपैठियों की चिंता है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले की महेशपुर प्रखंड के गए मैदान में आदिवासियों की जमीन घुसपैठियों ने कब्जा कर रखा है। रैयेतो के साथ मारपीट की गई। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दिया। उल्टे उसे घुसपैठियों को बचाने में लगे है । उन्होंने कहा कि आजादी के समय आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी। जो घटकर आज 28 प्रतिशत हो गया वही मुसलमानों की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है। मुसलमान की बढ़ रही संख्या यह बताती है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में घुसपैठ हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो इन घुसपैठियों को चुन-चुन कर भागने का काम किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल विधायक आनंद क्षेत्र में कई विकास कार्य किए हैं।जिसमें मनिहारी से लेकर गंगापुर ,डेरी फार्म, बंदरगाह, फोर लाइन सड़के, इसके अलावा इस क्षेत्र में कई नई रेल परिचालन करने का भी काम किया है। उन्होंने कहा कि यदि हमारी सरकार बनी तो आने वाले दिनों में राजमहल से मानिकचक तक गंगा पुल का निर्माण कराया जाएगा । इस मौके पर राजमहल विधायक अनंत ओझा ने भी अपने द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्य को को जनता के सामने रखा। सभा के बाद असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा ने उधवा से लेकर राधा नगर तक रोड रोड शो किया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए । इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उज्जवल मडल, गणेश तिवारी, रामानंद शाह, अमित आर्य, गौतम यादव, सुनील सिंह, दिनेश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लिट्टीपाड़ा से झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में कल्पना सोरेन ने किया प्रचार



मेट्रो रेज संवाददाता

**पाकुड़:** झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने गुरुवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हिरणपुर फुटबॉल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू के लिए वोट मांगा और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा.

हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनाई

झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने इस दौरान हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनाईं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना लाकर लोगों को राहत देने का काम किया है. इस दौरान कल्पना सोरेन ने आगामी 20 नवंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में मतदान कर हेमलाल मुर्मू को भारी मतों से जिताने की अपील की.

भाजपा पर किया कड़ा प्रहार

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर कड़ा प्रहार किया. उन्होंने भाजपा पर झारखंड सरकार एवं सीएम सहित आदिवासियों को परेशान करने और अपमानित करने का आरोप लगाया.

गठबंधन की सरकार बनने का दावा

इस दौरान झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने दावा करते हुए कहा कि झारखंड में पहले चरण में हुए चुनाव में जनता ने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान किया है और अगली सरकार इंडिया गठबंधन की बनने वाली है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को संथाल परगना के बजाय अपने शासित राज्यों के आदिवासियों के हितों का ख्याल रखने की नसीहत दी.

वहीं चुनावी सभा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी हेमलाल मुर्मु, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पार्टी के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने भी संबोधित किया. इस दौरान सभी ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई और विपक्ष पर निशाना साधा.

## सपा प्रत्याशी अकिल अख्तर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से की मुलाकात



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की।इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव, विशेष रूप से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र को लेकर व्यापक चर्चा की गई।बैठक के दौरान आगामी चुनावी कार्यक्रम और रणनीति पर गहन विचार-विमर्श हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और अनुभव साझा करते हुए पार्टी की रणनीति को मजबूत बनाने के कई सुझाव दिए।वहीं पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने कहा कि उनके स्नेह और समर्थन ने चुनावी टीम में एक नई ऊर्जा का संचार किया है ।जो पाकुड़ विधानसभा में हमारी जीत को पुख्ता करेगी। हमारा दृढ़ विश्वास है कि अखिलेश यादव के मार्गदर्शन और उनके प्रोत्साहन से प्रेरित होकर समाजवादी पार्टी झारखंड में एक नई राजनीतिक लहर उत्पन्न करेगी,जो प्रदेश में विकास,शांति और भाईचारे का संदेश लेकर आएगी।और पाकुड़ में समुचित विकास का उदाहरण पेश करेगी।

## चार विधानसभा से हजारों बुनकर हुए शामिल



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** झारखंड बुनकर संघ के तत्वधान में गुरुवार को हाइवे तीनमुहानी चौक के समीप संघ के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अंसारी के नेतृत्व में चार विधानसभा सीटों से हजारों की संख्याओं में बुनकरों का महासम्मेलन का आयोजन किया गया।संघ के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अंसारी ने बताया कि आज तक जितनी भी सरकारें बनी सभी ने संथाल परगना के बुनकरों पर शोषण किया गया है। और ठगने का काम किया है।केंद्रीय व राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मेगा क्लस्टर योजना का लाभ मिल नहीं पा रहा है राज्य सरकार के द्वारा रांची में बुनकर सेवा केंद्र खोला गया जिसे अनदेखी किया जा रहा है। और इस पर बिचौलिया हावी है।प्रदेश में 2021 में झारखंड बुनकर संघ का गठन किया गया है। जहां बुनकरों की आवाज बनकर समस्या को उठा कर सरकार को आईना दिखाती है।उन्होंने बताया कि चार विधानसभा सीट बोरियो, बरहेट, राजमहल, महागामा से लगभग एक लाख बुनकर है। सभी ने आह्वान किया है कि बुनकरों की समस्याओं के साथ खड़े रहने और बुनकरों की उत्थान करने वाली किसी एक पार्टी को समर्थन दी जाएगी।वही सचिव मनोवर आलम ने बताया कि सरकार के द्वारा बुनकरों के लिए कई घोषणाएं तो करती है। लेकिन जमीनी स्तर से बुनकरों को लाभ नहीं मिल पाता है।वही सरकार से बुनकरों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाने की मांग की जिससे बुनकर पलायन होने बचें।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नसीम अंसारी,सचिव मनोवर आलम, कोषाध्यक्ष सलाम अंसारी,मुजफ्फर अंसारी, सोहराब अंसारी,गुलाम अंसारी, जमीर अंसारी,गुलफशाह खातून, नूर निशा,रमजान अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।


## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष निकाली जनसंपर्क पदयात्रा रैली

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा के एनडीए के प्रत्याशी अजहर आलम के पक्ष में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरहड़वा नगर पंचायत में जनसंपर्क पदयात्रा किया। जनसंपर्क पदयात्रा की शुरूआत विवेकानन्द क्रीड़ांगन बरहड़वा से शुरूवाद किया।इस दौरान नया बाजार, कोयरीपाड़ा, गर्ल्स हाई स्कूल रोड ,स्टेशन चौक रोड में जनसंपर्क पदयात्रा को समापन किया गया।वही सुप्रीमो सुदेश महतो ने जनता से एनडीए उम्मीदवार अजहर इस्लाम को विजय बनाने की अपील की।कहा की पाकुड़ का जनमानस इस बार बदलाव चाहता है। इसके लिए जनता ने कमर कस ली है। सुदेश ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार जनता से जो वायदे कर सत्ता में आयी उसे पांच साल में पूरा नहीं किया। एनडीए की सरकार बनी तो झारखंड आंदोलनकारियों को नौकरियों में स्थान दिया जायेगा। कहा कि जनता की सेवा के लिए हमारी बहुमत से सरकार आ रही है। जनता के विकास व सम्मान के लिए यह चुनाव लड़ रहे हैं, जिस



कारण पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा के लिए इस बार एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत से आ रही है।हम जनता की सेवा पर विश्वास करते हैं। यही कारण है कि जनता का अपार समर्थन एनडीए को मिल रहा है।हम इस चुनाव को जनता के विकास व सम्मान के लिए लड़ रहे हैं।हमारा लक्ष्य अंतिम घर तक विकास पहुंचाना होगा जनता का शासन कायम करना है।उन्होंने आगे कहा कि बरहड़वा नगर पंचायत क्षेत्र भाजपा का गढ़ मानी जाती है इस क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी का अच्छा परिणाम आता रहा है।जिसको लेकर यहां के जनता में काफी उत्साह देखने को मिला है इस बार एनडीए प्रत्याशी को यहां के जनता का पूर्ण आशीर्वाद सहयोग मिलेगा। साथ ही मैया सम्मान योजना को लेकर बताया कि सर्वजन पेंशन के मद का पैसा को मैया समान योजना के रूप में दिया जा रहा है।वो सास और ससुर का पैसा को बहू और बेटी को दिया जा रहा है यह घर घर में झगड़ा उत्पन्न करने का काम कर रहा है। मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे,पूर्व जिला अध्यक्ष पंचू सिंह, कमल भगत, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन दुबे, छट्ठू लाल साह,भाजपा नेत्री मंजू देवी,प्रीति कुमारी,पूनम भारती,रविंद्र भगत, लोकेश कुशवाहा,अनुभव भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# अद्भुत नजारे के लिए हो जाएं तैयार रश्मिका ने पुष्पा 2 पर दी बड़ी अपडेट

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 दि रूल के डबिंग सेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्म है। फिल्म का ट्रेलर 17 नवंबर को रिलीज होने वाला है। ट्रेलर पटना में होने रिलीज होने वाला है। फिल्म में श्रीवल्ली की भूमिका निभा रही रश्मिका ने अपने डबिंग सीजन से तस्वीरें शेयर की हैं, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, अब जब मस्ती और खेल खत्म हो गए हैं, तो चलिए काम पर लग जाएं।

**मतलब–**

**1– पुष्पा की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है..**

2– पुष्पा दि रूल– फर्स्ट हाफ की डबिंग पूरी हो चुकी है.. 3–1 बजे सेकंड हाफ की डबिंग और माय गॉड! फिल्म का फर्स्ट हाफ पहले से ही कमाल का है और सेकंड हाफ तो और भी ज्यादा कमाल का है..

मेरे पास सच में कहने के लिए शब्द नही हैं.. आप लोग सच में एक अद्भुत अनुभव के लिए तैयार हैं!!! मैं इंतजार नहीं कर सकती! यह चेहरा इसलिए है, क्योंकि शूटिंग खत्म होने को है और मैं इस बात से थोड़ा दुखी हूं! सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 दि रूल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है, जबकि म्यूजिक टी-सीरीज ने दिया है।

# भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं शर्वरी



**बॉलीवुड** अभिनेत्री शर्वरी का कहना है कि वह भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं। बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शर्वरी ने खुलासा किया है कि उनका पसंदीदा जॉनर एक्शन है। शर्वरी इन दिनों वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की फिल्म अल्फा में सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ काम कर रही हैं। अल्फा को वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स की पहली महिला-केंद्रित फिल्म बताया जा रहा है, जिसका निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। शर्वरी का कहना है कि यदि किस्मत ने साथ दिया, तो वे भारत की अगली एक्शन स्टार बनना चाहती हैं।

उन्होंने कहा मुझे एक्शन जॉनर बेहद पसंद है, और मैं अपनी बहन के साथ एक्शन फिल्में देखना पसंद करती हूं। इसलिए जब मुझे अल्फा का ऑफर मिला, तो मैंने तुरंत हामी भर दी। मन ही मन मैं हमेशा एक्टर के तौर पर एक्शन करना चाहती थी। अब मेरा सपना सच हो रहा है।मेरा हमेशा से मानना था कि एक्शन स्टार्स को शूटिंग के दौरान बहुत मजा आता है, क्योंकि वे स्टंट्स करते हैं। अब इस फीलिंग को खुद अनुभव कर रही हूं और यह वाकई मजेदार है लेकिन शारीरिक रूप से बहुत थकाऊ भी। मैं 200 प्रतिशत मेहनत कर रही हूं और उम्मीद करती हूँ कि लोग मुझे अल्फा में पसंद करेंगे! मैं आने वाले समय में एक एक्शन स्टार बनना चाहती हूं, और इसके लिए अल्फा में मैंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पहली महिला-केंद्रित वाईआरएफ स्पाय यूनिवर्स फिल्म को एक्शन का शानदार अनुभव बनाने के लिए आदित्य चोपड़ा कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जो वैश्विक स्तर पर हिट सीरीज दि रेलवे मैन के लिए भी मशहूर हैं,

# असली प्यार सच में होता है, दीपिका-रणवीर मना रहे शादी की छठी सालगिरह



**बॉलीवुड** की सबसे चहेती जोड़ी, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण आज अपनी शादी की छठी सालगिरह मना रहे हैं। रणवीर और दीपिका की लव स्टोरी फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला के सेट से शुरू हुई थी, इस साल अपनी रिलीज के 11 साल पूरे कर रही है और बहुत जल्द यह जोड़ी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों ही जगहों पर एक खूबसूरत लव स्टोरी बन गई।

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने 14 नवंबर, 2018 को एक-दूसरे को अपना हमसफर बनाया। पिछले कुछ वर्षों में रणवीर और दीपिका ने अपनी फिल्मों में बेहतरीन केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता है और अपनी असल जिंदगी में भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान, प्यार और बंधन को फैंस के साथ शेयर किया है। इस साल उनका जश्न और भी खास है, क्योंकि वे अपने घर में अपनी प्यारी सी दुआ के साथ एक नई शुरूआत कर रहे हैं। वर्ष 2018 में लेक कोमो, इटली में अपनी शानदार शादी से लेकर 2024 में पेरेंटहुड का नया चैप्टर शुरू करते हुए रणवीर और दीपिका ये साबित करते हैं कि असली प्यार सच में होता है।

ये पावर कपल ने अपनी बेटी दुआ को 2024 में इस दुनिया में वेलकम किया, जो सिर्फ उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के दर्शकों के लिए भी एक बहुत खास पल था। रणवीर अपनी जोशीली और ऊजार्वान व्यक्तित्व के लिए मशहूर हैं और वह दीपिका की शांत और खूबसूरती के साथ एक बेहतरीन संतुलन बनाते हैं, जो दर्शकों को बेहद पसंद आता है। रणवीर सिंह ने दीपिका पादुकोण के लिए अपने प्यार का इजहार करते हुए इंस्टाग्राम पर एक दिल छूने वाली पोस्ट डाली है, जिसमें उन्होंने दीपिका की कुछ क्यूट और अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं हैं।




# चैंपियंस ट्राफीः आईसीसी पर पीसीबी के बाद ब्रॉडकास्टर बना रहे दबाव, जल्दी हो सकता है फैसला

**नई दिल्लीः** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर हंगामा जारी है। आईसीसी पर पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अब ब्रॉडकास्टर ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है। क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया राइट्स हासिल करने वाली ब्रॉडकास्टर कंपनियां टूनार्मेंट के कार्यक्रम को तत्काल जारी करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल पर दबाव डाल रही हैं।

वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2027 तक अनुमानित 3 बिलियन डॉलर में अईसीसी के मीडिया राइट्स हासिल करने वाले ब्रॉडकास्टर्स को एक चक्र का वादा किया गया था जिसमें भारत वर्सेस पाकिस्तान के मुकाबले भी शामिल थे। भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मुकाबले न सिर्फ दर्शकं की संक्या बेतहाशा बढ़ोत्तरी करते हैं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से राजस्व भी बढ़ाते हैं।

हालांकि, स्थिति जटिल हो गई हैं, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। स्पष्ट कार्यक्रम न होने और भारत के बिना टूर्नामेंट की संभावना के कारण, प्रसारकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि उन्होंने आईसीसी से तत्काल फैसला लेने की मांग की है।

दूसरी ओर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाइब्रिड मॉडल पर टूनार्मेंट का आयोजित करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मुकाबले पाकिस्तान में ही आयोजित करने की वकालत की है। इस बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से भारत के संभावित रूप से पीछे हटने के बारे में पीसीबी की ओर से उठाई गई चिंताओं को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने किया कपिल शर्मा शो छोड़ने की वजह का खुलासा, फिर से जुड़ने की जताई इच्छा



**एक** समय था, जब नवजोत सिंह सिद्धू की शायरी 'द कपिल शर्मा शो' के किसी भी एपिसोड में चार चांद लगा देती थी, लेकिन 2016 में उन्होंने शो छोड़ दिया, जिससे कई प्रशंसक निराश हो गए। हाल ही में अभिनेता कपिल शर्मा के नेटफ्लिक्स शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में अपनी पत्नी के साथ शामिल हुए थे। सिद्धू के जाने के बाद से पांच साल से अब तक अर्चना पूरन सिंह शो की कमान संभाले हुए हैं। अब सिद्धू ने आखिरकार शो से अपने अचानक बाहर निकलने के बारे में खुलकर बात की है। फुलवा हमले के तुरंत बाद सिद्धू ने अपने एक्स अकाउंट पर टिप्पणी की थी और अब अपने शो छोड़ने के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके पीछे राजनीतिक कारण थे।

**सिद्धू ने ताजा की शो की यादेंः** सिद्धू ने एक अन्य शो में बात हुए 'द कपिल शर्मा शो' से जुड़ी अपनी यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा, 'द कपिल शर्मा शो भगवान का बनाया हुआ गुलदस्ता था। इसका श्रेय कोई नहीं ले सकता। इसमें अलग-अलग खुशबू थी। जब कपिल मेरे पास आए, उन दिनों मैं 'बिग बॉस' से बाहर आया ही था, इसलिए हमने चर्चा की और सब कुछ ठीक हो गया। सभी को उस शो का हिस्सा बनने के लिए चुना गया।

**सिद्धू ने क्यों छोड़ा शोः** उन्होंने लोकप्रिय शो छोड़ने की वजह बताते हुए कहा, 'कुछ राजनीतिक कारण थे, जिनके बारे में मैं बात नहीं करना चाहता। कुछ और कारण थे और गुलदस्ता टूट गया। मेरी इच्छा है कि गुलदस्ता फिर से उसी तरह से जुड़ जाए, जैसा वह था। मैं सबसे पहले इसे शुरू करूंगा। उनका शो अभी भी बहुत अच्छा चल रहा है। कपिल एक जीनियस हैं।' उस समय कपिल की टीम का हिस्सा रहे कई कलाकार, जैसे उपासना सिंह, अली असगर और सुमोना चक्रवर्ती, एक के बाद एक शो छोड़ गए।

**कपिल का बुरा दौरः** उन्होंने आगे बताया कि कैसे उन्होंने हमेशा कपिल की प्रतिभा पर भरोसा किया, यहां तक कि उनके बुरे समय में भी। उन्होंने कहा, 'जब कपिल की तबीयत ठीक नहीं थी तो वह घबराया हुआ था, वह मुश्किल दौर से गुजर रहा था। लोगों ने मुझसे कहा कि वह टूट हो गया है। मैंने कहा कि कपिल जीनियस है, आपके पास कपिल के जैसा प्रतिभाशाली इंसान नहीं होगा।

**पुराने लोगों से मिलने की इच्छाः** इसके बाद वे पुरानी यादों में खो गए। पुराने दिनों को याद करते हुए और मूल गिरोह के साथ फिर से जुड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए कहा, 'दादी (अली असगर) और सभी लोग थे। मैं चाहता हूं कि सभी एक साथ मिलें... सभी लोग तितर-बितर हो गए। अब गुत्थी (सुनील ग्रोवर) वापस आ गया है। वह मुझसे गोवा में मिला था। वह अद्भुत है। वह 10-15 मिनट के लिए आता है और सभी का मनोरंजन करता है। वह एक और प्रतिभाशाली व्यक्ति है।

### इंडिया- दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच

# भारत की नजरें सीरीज जीतने पर, फोकस रिंकू के फॉर्म और बल्लेबाजी क्रम पर

**नई दिल्लीः** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है।

भारत फिलहाल सीरीज में 2 .- 1 से आगे है लेकिन 3 - 1 से जीतने के लिये बल्लेबाजों पर महती जिम्मेदारी होगी। भारत के लिये वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 सीरीज में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1- 1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था। टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं।

ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का



पूरा समय है। स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती।

मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या आठरन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिये उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद।

एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा। भारत ने अपने 15 में से 12 खिलाड़ियों को पहले तीन मैचों में आजमाया है और अब देखना है कि तेज गेंदबाज यश दयाल या विशाख विजयकुमार को पहला मौका मिलता है या नहीं।

टीमें : **भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल.

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन,ट्रिस्टन स्टब्स।

न्यूज ब्रीफ



## सीएम सुखविंदर सुक्खू का बड़ा ऐलान रामपुर आपदा पीड़ितों को सात-सात लाख

**रामपुरः** रामपुर उपमंडल के समेज और बागीपुल के आपदा प्रभावितों का पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी है, इसलिए दोनों जगहों के ऐसे प्रभावित, जिन्होंने अपना पूरा घर गंवा दिया है, उन्हें प्रदेश सरकार 1.5 लाख की बजाय सात-सात लाख की आपदा राहत राशि देगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के लिए सरकार विशेष पैकेज की घोषणा कर रही है। यहां के जिन परिवारों के घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है, उन्हें एक-एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी। यहां और अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लापता हुए व्यक्तियों के परिवारों को राज्य सरकार की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह एक आम परिवार से संबंध रखते हैं, इसलिए आम लोगों के संघर्षों को अच्छी तरह समझते हैं। राज्य सरकार ने पिछले साल 23 हजार प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया और केंद्र सरकार से किसी भी तरह की मदद के बिना 4500 करोड़ रुपए का विशेष आर्थिक पैकेज दिया। मुख्यमंत्री ने जनता के धन की बबार्दी के लिए पूर्व भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि वर्तमान राज्य सरकार अनेक वित्तीय खामियों को दूर कर रही है। प्रदेश सरकार अनाथ बच्चों, विधवाओं और अन्य कमजोर समूहों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के तहत धन का समुचित प्रावधान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में आम जनता के लिए और अधिक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जरूरतमंद परिवारों को सबसिडी का लाभ बरकरार रखा जाएगा, जबकि संपन्न परिवारों को स्वेच्छा से ऐसे लाभों को छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## दिल्ली में बना आप का मेयर, महेश कुमार ने तीन वोट से हराया बीजेपी का उम्मीदवार



**नई दिल्लीः** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर पद के लिए गुरुवार को हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी के महेश कुमार खिंची ने जीत दर्ज कर ली। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार किशनलाल को तीन वोट से हरा दिया। जीत के बाद खिंची ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल से धन्यवाद दिया। चुनाव में देरी को लेकर खिंची ने भाजपा को जिम्मेदार बताया। मेयर चुनाव के लिए कुल 263 वोट पड़े, जिसमें से आप उम्मीदवार खिंची को 133 वोट मिले, जबकि भाजपा उम्मीदवार किशनलाल को 130 वोट मिले। दो वोट अवैध हो गए। खिंची की जीत के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देते हुए लिखा कि दलित विरोधी भाजपा ने षड्यंत्र रचकर मेयर चुनाव में देरी करवाई, लेकिन एक बार फिर बाबा साहेब के संविधान की जीत हुई है। आम आदमी पार्टी की बदौलत दिल्ली को दलित मेयर मिला। गौर हो कि चुनाव के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भाजपा की पार्षद और पूर्वी दिल्ली की पूर्व महापौर सत्या शर्मा को फिर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया था।

## ट्रंप ने तुलसी गबार्ड को बनाया अमरीकी खुफिया एजेंसियों का प्रमुख



**एजेंसी/ वाशिंगटनः** अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव जीतकर डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की तैयारियों में लगे हैं। वह लगातार अपने नए टीम को लेकर नामों की घोषणा कर रहे हैं। ट्रंप ने अब अपना डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) चुना है। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य व हिंदू नेता तुलसी गबार्ड को डीएनआई बनाने का फैसला किया है। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं और 2020 में वह राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोडकर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं। ट्रंप ने घोषणा की कि मुझे यह ऐलान करते हुए काफी खुशी हो रही है कि पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड डीएनआई के रूप में सेवाएं देंगी।

## केवल तीन बैंच सुनेंगी जनहित याचिकाएं, सीजेआई संजीव खन्ना ने बनाया नया रोस्टर सिस्टम

**नई दिल्लीः** भारत के नए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना अपना पद संभालते ही लगातार नई व्यवस्था बनाने के आदेश दे रहे हैं। एक नए आदेश में उन्होंने मामलों की सुनवाई को लेकर बनाए जाने वाले रोस्टर में बदलाव किया है। सीजेआई खन्ना ने फैसला लिया कि सीजेआई और दो सीनियर जजों की अध्यक्षता वाली पहली तीन बैंच लेटर पिटीशन और जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई करेंगी। केस अलॉटमेंट के नए रोस्टर के तहत सुप्रीम कोर्ट को लिखे लेटर पर आधारित याचिकाओं और पीआईएल की सुनवाई सीजेआई खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बैंच करेंगी। पूर्व सीजेआई यूयू ललित सभी 16 बैंच को जनहित याचिकाएं सुनवाई के लिए अलॉट कर रहे थे। हालांकि उनके उत्तराधिकारी रहे सीजेआई चंद्रचूड़ ने इस प्रथा को बंद कर दिया था। केस अलॉटमेंट रोस्टर में हुए बदलाव के तहत लेटर पिटीशन और पीआईएल के अलावा, सब्जेक्ट के आधार पर सीजआई की बैंच ज्यादातर मुद्दों पर सुनवाई करेगी। इसमें सामाजिक न्याय, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव से जुड़े विवाद, सांसदों और विधायकों के चुनाव से जुड़े मामले, बंदी प्रत्यक्षीकरण और मध्यस्थता के मामले शामिल हैं। जस्टिस कांत की अध्यक्षता वाली बैंच चुनाव से जुड़ी याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला, सामान्य दीवानी मामलों के अलावा डायरेक्ट-इनडायरेक्ट टैक्स मामलों पर भी सुनवाई करेंगे। सीजेआई समेत तीन सीनियर जजों के अलावा बाकी 13 जज जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस एएस ओका, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सीटी रविकुमार, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पीएस नरसिम्हम, जस्टिस सुधांशु धूलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पंकज मिथल हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा आज, गया के विष्णुपद मंदिर में उमड़े आस्थावान



**गया :** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बिहार के गया स्थित विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारीक ने आईएएनएस से बातचीत में कार्तिक पूर्णिमा के दिन दर्शन का खास महत्व बताया।

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर गया के फल्गु नदी में श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। भगवान भास्कर को जल अर्पण करने के बाद विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में दर्शन और तुलसी के पत्ते चढ़ा रहे हैं।

भक्तों की अधिक संख्या को देखते हुए मंदिर की प्रबंधक समिति द्वारा स्वयं सेवकों और जिला प्रशासन की ओर से पुलिस बल तैनात किया गया है, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो, अधिक भीड़ के कारण कोई अप्रिय घटना न घटे, इसको लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से विष्णुपद मंदिर में एक गेट से श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा रहा है, वहीं दूसरी गेट से उनके निकलने का प्रबंध किया गया है।

ह्यविष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालु, मगध क्षेत्र से हजारों की संख्या में मंदिर में दर्शन-पूजन करने पहुंच रहे हैं। आज के दिन भगवान विष्णु का दर्शन और तुलसी चढ़ाने से पूरे कार्तिक माह का फल मिलता है।

उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु का दर्शन पूजा अर्चना करने से फल की प्राप्ति होती है। पूरे मगध क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं, ये सिलसिला रात 12 बजे तक चलता रहेगा। शाम में फल्गु महोत्सव होगा, जिसमें महाआरती होगी और बाहर के कलाकार भक्ति कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मणिलाल बारिक ने कहा, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर करीब 50,000 की संख्या में श्रद्धालु आते रहे हैं। उनकी व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है। आने-जाने की उचित व्यवस्था की गई है और पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण ढंग से दर्शन-पूजन कराया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि जिन्होंने पूरी कार्तिक दर्शन नहीं किया हो, अगर वो आज कार्तिक पूर्णिमा के दिन दर्शन-पूजन कर लें, तो उसको एक महीने का पुण्य प्राप्त होता है। ऐसे में आज के दिन फल्गु नदी में स्नान करना और भगवान का दर्शन करना बहुत उत्तम माना जाता है। देश में कहीं भी मां गंगा का स्नान करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

## कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**पटनाः**कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को राजधानी पटना समेत विभिन्न क्षेत्रों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। इस मौके पर मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने वालों का तांता लगा हुआ है।

मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से जीवन के सारे पाप धूल जाते हैं तथा स्वास्थ्य एवं समृद्धि में वृद्धि होती है। पटना के एनआईटी घाट, कृष्णा घाट, एलसीटी घाट, बांस घाट, दीघा-पाटलिपुल घाट, दीघा घाट, कलेक्ट्रेट घाट तथा कटैया घाट पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पटना के अलावे राज्य के अन्य क्षेत्रों से आए लोग इन घाटों पर तो गंगा में डुबकी लगा रहे हैं और दान कर रहे है।

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह और पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने भीड़ को देखते हुए चाक चौबंद व्यवस्था करने का निर्देश पहले ही दे दिया था। जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। घाटों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने और स्नान दान का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा में स्नान करने के लिए बिहार ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी यहां लोग आते है। हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला क्षेत्र के समीप गंगा-गंडक संगम पर भी लाखों लोग कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर जुटे हुए है। लोग संगम में डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। गंगा के अलावा राज्य के अन्य क्षेत्रों में कोसी, गंडक सहित अन्य नदियों के घाटों पर भी लोग स्नान कर स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर बक्सर और सुल्तानगंज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मां गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन से भी पहुंच रहे हैं।

इधर, मंदिरों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा पूजा-अर्चना करने वालों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। लोग सुबह से ही स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर रहे हैं।

# दिल्ली- एनसीआर में निर्माण कार्यों पर पूरी तरह रोक, जहरीली हवा के कारण ग्रैप-3 लागू

**जहरीली हवा के चलते अब ग्रैप-3 लागू, पांचवीं तक के स्कूल बंद**



**नई दिल्लीः** तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है और इसे देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह आठ बजे से ग्रेप का तीसरा चरण लागू हो जाएगा। केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तीसरे चरण को लागू करने का फैसला लिया है। सीएक्यूएम ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। ग्रैप के तीसरे चरण के तहत निर्माण और विध्वंस से जुड़े कार्यों पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके अलावा निर्माण सामग्री को ढोने वाले वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। पेंटिंग, पॉलिशिंग और वर्निशिंग से जुड़े कार्यों पर रोक रहेगी। सिर्फ वही निर्माण कार्य जारी रहेंगे, जो राष्ट्रीय तौर पर जरूरी हैं।

वहीं, पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को बंद करने का फैसला भी लिया गया है। छोटे बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाया जाएगा। प्रमुख सडकों पर जल छिडकाव बढ़ाया जाएगा। अब एनसीआर से प्रदूषण फैलाने वाली बसों की दिल्ली में एंट्री नहीं होगी। सीएनजी, बीएस-6और इलेक्ट्रिक बसों को इसमें छूट रहेगी। इसके अलावा अखिल भारतीय पर्यटक परमिट वाली बसों या टेंपो यात्रियों पर भी यह लागू नहीं होगा।



## महाराष्ट्र-गुजरात में ईडी की रेड, फर्जी केवाईसी खातों के जरिए 125 करोड़ की हेराफेरी का खुलासा

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को महाराष्ट्र और गुजरात के कई इलाकों में 23 जगहों पर छापामारी की। यह कार्रवाई मालेगांव के व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ मनी लांड्रिंग केस के तहत की गई है। ईडी का दावा है कि इस व्यापारी ने फर्जी केवाईसी के जरिए कई लोगों के बैंक खाते खुलवाए और उनमें 125 करोड़ रुपए से ज्यादा की लेन-देन की। ये अकाउंट चुनावी फंडिंग और वोट जेहाद जैसे कार्यों के लिए उपयोग किए गए हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है। इस मामले में महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 170 से अधिक बैंक शाखाओं में जांच की जा रही है। इन खातों के जरिए 2,500 से अधिक संदिग्ध लेन-देन किए गए हैं। इन खातों का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जेहाद के उद्देश्य से किए जाने का आरोप है।

पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाले के घर छापेमारीः राजनीतिक दलों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाले सेंटियागो मार्टिन के ठिकानों पर गुरुवार को ईडी ने रेड की है। लॉटरी किंगसेंटियागो के खिलाफ कार्रवाई के लिए मद्रास हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी थी। बीते साल भी एजेंसी ने मार्टिन की 450 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच कर दी थी। खबर है कि मनी लांड्रिंग के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया है कि चेन्नई समेत कई अन्य स्थानों पर मार्टिन से जुड़े ठिकानों पर दबिश दी गई है। तमिलनाडु पुलिस ने मार्टिन समेत कुछ लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को बंद करने का फैसला किया था।

# भारत का इंश्योरेंस सेक्टर थाईलैंड और चीन से भी आगे, विकास की राह में चुनौतियां भी मौजूद



,10

**नई दिल्लीः** भारत का इंश्योरेंस सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश के इंश्योरेंस सेक्टर ने वित्त वर्ष 2020-23 के दौरान 11 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि दर्ज की है।

एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, इंश्योरेंस सेक्टर ने 130 बिलियन डॉलर से ज्यादा का सकल लिखित प्रीमियम (जीडब्ल्यूपी) दर्ज किया है, जो कि थाईलैंड और चीन से भी ज्यादा है। भारत के मुकाबले चीन और थाईलैंड के इंश्योरेंस सेक्टर के लिए यह वृद्धि 5 प्रतिशत से भी कम रही।

वैश्विक प्रबंधन संबंधित परामर्शदाता फर्म मैक्किंजे एंड कंपनी की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023 तक 107 बिलियन डॉलर की हो गई है। जनरल इंश्योरेंस इंडस्ट्री सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 35.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इंश्योरेंस और उससे जुड़े दूसरे सेक्टर में अनुकूल परिस्थितियां इंडस्ट्री को आगे बढ़ने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।

इसके अलावा, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने ग्राहक यात्रा को सरल बनाने और डिजिटल इनोवेशन को पेश करने के लिए विनियामक हस्तक्षेप बनाए हैं। दूसरी ओर प्राइवेट कंपनियों के उभरने से परिचालन दक्षता, टेक्नोलॉजी और निवेश में बदलाव आया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बीमाकर्ता बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की स्थिति में हैं, हालांकि, पूंजी आकर्षित करने और विकास को बनाए रखने को लेकर उनके सामने कई चुनौतियां बनी हुई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 2047 तक सभी के लिए बीमा के विनियामक के लक्ष्य के बावजूद, उद्योग की प्रवेश दर 2022 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2023 में 4.0 प्रतिशत हो गई, जो दशार्ता है कि इसकी प्रगति देश की आर्थिक वृद्धि के बराबर नहीं रही है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नए बिजनेस प्रीमियम में 17.2 प्रतिशत सीएजीआर हासिल करने के बावजूद, भारत की टॉप पांच प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों ने पिछले पांच वर्षों में शुद्ध लाभ में 2 प्रतिशत से कम सीएजीआर दर्ज करवाया है।

यह प्रोडक्ट इनोवेशन, वितरण दक्षता और रिन्यूवल मैनेजमेंट के बीच एक अंतर को दिखाता है। कई ऐसे कारक हैं जो इंडस्ट्री की परफॉर्मेंस को प्रभावित करते हैं। इनमें, परिचालन अक्षमताएं, कवरेज को लेकर गैप, लिमिटेड रेगुलेटरी सपोर्ट शामिल हैं।

## आज से खुल जाएंगे सबरीमाला मंदिर के कपाट, भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू



**नई दिल्लीः** देशभर के भक्तों के लिए बड़ी खबर है। केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर के कपाट आज शाम 5 बजे भक्तों के लिए खुल जाएंगे। मकरविलक्कू तीर्थयात्रा सीजन की शुरूआत हो चुकी है और भक्तों का मंदिर में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंदिर प्रतिदिन 18 घंटे के लिए खुला रहेगा।

भक्तों को दोपहर 1 बजे से पहाड़ी पर चढ़ने की अनुमति दी जाएगी। शुक्रवार और शनिवार को सुबह 3 बजे से दर्शन शुरू होंगे। नवनियुक्त मेलसंथिस एस. अरुण कुमार नंबूथिरी और वासुदेवन नंबूथिरी आधिकारिक तौर पर अयप्पा मंदिर और मलिकप्पुरम देवी मंदिर में अपनी भूमिका निभाएंगे।

राज्य पुलिस प्रमुख शेख दरवेश साहब ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। सन्निधानम, निलक्कल और पम्पा में आपातकालीन परिचालन केंद्र खोले गए हैं। पिछले सीजन में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए थे। इस बार भी भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

चम्पा बस स्टेशन पूरी तरह से चालू है और मकरविलक्कू त्योहार के करीब आने पर बस सेवाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। प्रमुख बेस स्टेशनों पर भी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वर्चुअल लाइन के माध्यम से प्रतिदिन 70,000 तीर्थयात्री दर्शन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं।

सबरीमाला मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन ने भक्तों के लिए सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भक्तों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

# कार्तिक पूर्णिमा पर खरकई नदी व तालाब में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला :** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं ने खरकई नदी व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद भगवान सूर्य देव की आराधना की और दान भी किया।

**सुबह से ही नदी तटों पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़**

आदित्यपुर तथा इसके आस-पास के क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा उत्सव को लेकर तड़के सुबह से ही नदी तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। काफी संख्या में श्रद्धालु सूर्योदय से पूर्व आदित्यपुर के विभिन्न स्थानों पर खरकई नदी में डुबकी लगाकर पवित्र स्नान करते दिखे। उसके बाद पारंपरिक पूजा अर्चना के कार्यक्रम में लोग शामिल हुए। वैसे तो पूरे कार्तिक माह को ही पवित्र माना जाता है। पर कार्तिक पूर्णिमा का अपने आप में अलग महत्व है।

**ओड़िया समाज में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व**

बता दें कि ओड़िया समाज में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन समाज के लोग बोइता वांदना मानते है। कार्तिक पूर्णिमा उत्सव को ओड़िया भाषा-भाषियों के द्वारा पोंचको पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ओड़िया भाषा-भाषी महिला श्रद्धालुओं द्वारा केला के थंब को नाव का स्वरुप प्रदान किया जाता है तथा उसमें दीपक (दिया) रखकर नदी में प्रवाहित किया जाता है। इससे पूर्व उनके द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना भी की जाती है। ओड़िया समाज के लोग कार्तिक पूर्णिमा के आठवें दिन 23 नवंबर को प्रथमाष्टमी मनाएंगे। इस दिन परिवार के सबसे बड़े ज्येष्ठ पुत्र के जीवन व समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाती है।



## भगवान बिरसा मुंडा को किया गया याद



**बिनय मिश्रा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिला उपायुक्त श्री कुलदीप चैधरी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर के द्वारा अपर उपायुक्त श्री प्रवीण केरकेट्टा, सहायक समाहर्ता श्री अर्नव मिश्रा, सिविल सर्जन व अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारियों की मौजुदगी में बस स्टैंड चैक स्थित धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समस्त जिलावासियों को झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित किया गया।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कुलदीप चैधरी व पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर के द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत महिला कॉलेज चाईबासा के परिसर में विधानसभा बार निर्मित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया तथा मौजुद संलग्न पदाधिकारियों को मतगणना के निमित मतगणना कक्ष सहित सभी व्यवस्थाओं को पूरा कराने का निर्देश दिया गया।

## मांडर में अमेरिकन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन



**मांडर।** बाल दिवस के मौके पर मांडर के अमेरिकन पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के निदेशक श्री नौशाद आलम और प्राचार्य श्री जावेद अहमद ने किया, जिन्होंने इस अवसर पर बच्चों को प्रेरणा और ज्ञान की बातें साझा कीं। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए, स्कूल ने बच्चों के लिए मनोरंजक और शैक्षिक गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गायन, और नाट्य मंचन शामिल थे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और इस आयोजन को यादगार बना दिया। निदेशक नौशाद आलम ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।₹ उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें बताया कि शिक्षा एक ऐसा साधन है जो उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।

प्राचार्य जावेद अहमद ने भी बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे समझने और निखारने की आवश्यकता होती है। उन्होंने बच्चों को अपने गुणों और क्षमताओं पर विश्वास करने और उन्हें विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर स्कूल में एक उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। बच्चों ने बाल दिवस का भरपूर आनंद लिया और शिक्षकों के सानिध्य में इस दिन को विशेष बना दिया। शिक्षकों ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## उपायुक्तने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन



**सिमडेगा :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य के 24 वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर भवन, सिमडेगा स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त, सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री समीर रेनियर खलखो, नप प्रशासक श्री समीर बोदरा सहित अन्य पदाधिकारी गण के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## बच्चों ने बाल दिवस पर किया टाटा जूलॉजिकल पार्क का भ्रमण

**जमशेदपुर ।** टाटा-हाता मेन रोड स्थित डेटन इंटरनेशनल स्कूल, तेतला में बाल दिवस के शुभ अवसर पर एजुकेशनल ट्रिप का आयोजन किया गया था जिसमें स्कूल के बच्चों को टाटा जूलॉजिकल पार्क, जमशेदपुर में जू का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान जिसमें बच्चों ने विभिन्न जानवरों को देखा एवं उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। स्कूल द्वारा आयोजित इस एजुकेशनल ट्रिप में बच्चों ने खूब मस्ती की एवं ट्रिप का आनंद उठाया। आयोजन में स्कूल की इंचार्ज मुनमुन तिर्की , शिक्षिका झूमा सरकार, बरनाली मंडल, सुचित्रा गुहा, रिया यादव, सोमवारी मुर्मू इत्यादियों की मुख्य भूमिका रही।

# संथाल परगना को घुसपैठियों से किया जाएगा मुक्त : चंपाई सोरेन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामताड़ा:** दूसरे चरण के चुनाव को लेकर संथाल परगना में पार्टी के सभी बड़े नेता प्रचार में जुट गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन देर रात संथाल का दौरा करने जामताड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा जीत रही है। पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है और संथाल परगना को घुसपैठ से बचाना है।

चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड चुनाव के पहले चरण में सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत तय है। झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। इसे रोकना होगा। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि संथाल परगना को बांग्लादेशी घुसपैठ से बचाना है। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ को सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि संथाल आदिवासियों की जिस जमीन पर बांग्लादेशी घुसपैठियों ने कब्जा कर लिया है, उसे वापस करना होगा। यह सिदो कान्हू की धरती है। यहां की सामाजिक व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। इसे बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अब इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जब ब्रिटिश साम्राज्य आदिवासी परंपरा को नष्ट नहीं कर सका तो अब आदिवासी समाज इसे नष्ट नहीं होने देगा। बांग्लादेशी घुसपैठ को पनपने नहीं दिया जाएगा। अब हम इसे अलविदा कहेंगे।

पहले चरण का चुनाव मतदान संपन्न होने के बाद अब दूसरे चरण के चुनाव मतदान के लिए संथाल परगना की सभी विधानसभा सीटों पर फोकस है। संथाल को झामुमो का गढ़ माना जाता है। इस गढ़ को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत लगा दी है। वहीं झामुमो अपने गढ़ को बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है।

# जामा का बेटा हूं, सेवा करना मेरा धर्म है : सुरेश मुर्मू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जामा :** जामा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने गुरुवार को महारो स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा का यह चुनाव केवल विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री चुनने के लिए नहीं है बल्कि यह चुनाव जामा विधानसभा क्षेत्र की जनता के भविष्य को तय करने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनके जैसे अति गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि वाले कार्यकर्ता पर तीसरी बार विश्वास जताते हुए जामा से चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। स्वयं को जामा का बेटा बताते हुए उन्होंने कहा कि वे जामा क्षेत्र की जनता के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं और भविष्य में भी रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने जुड़ाव की चर्चा करते उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक होने के कारण उनमें सेवा की भावना संघ के संस्कारों से ही मिली है। यह चुनाव भू -माफिया, कोयला माफिया, बालू माफिया और गिट्टी माफिया को संरक्षण देने वालों तथा ग्रामवासी गरीब किसान कार्यकर्ता के बीच का है। ये चुनाव धनतंत्र एवं जनतंत्र के बीच का चुनाव है। झारखंड की अस्मिता को बचाने झारखंड के अस्मिता को लूटने वालों को संरक्षण देने वालों के बीच का चुनाव है। भय,भूख एवं भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए तथा बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों से क्षेत्र राज्य एवं देश को बचाने का चुनाव है। वर्तमान विधानसभा चुनाव को हिंदू त्योहारों एवं शोभायात्राओं पर पत्थर चलाने वालों को सबक सिखाने तथा अपने समाज की बेटियों को लव जिहाद के चंगुल से बचने का चुनाव बताते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव यहां की सभ्यता, संस्कृति, रोटी, माटी, बेटी की रक्षा तथा मातृशक्ति के सम्मान, भारतीय सेवा के स्वाभिमान, बेरोजगार नौजवान के हक तथा यहां के किसान के भविष्य के चयन का चुनाव है। अपनी विजय के प्रति पूर्ण विश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव जामा में सुरेश मुर्मू नहीं लड़ रहा है बल्कि रामगढ़ तथा जामा दोनों ही प्रखंडों के सामान्य भाजपा कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के स्थान पर मौत बांटने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस एवं राजद के विनाशकारी गठबंधन वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए यहां की आम जनता स्वयं चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता एवं कार्यकर्ता के उत्साह को देखते हुए उन्हें जामा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के विजय में कोई संदेह नहीं है। भाजपा में भीतरघात एवं गुटबाजी के विषय में पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता एवं जनता दोनों मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं तो ऐसे में भितरघात एवं गुटबाजी का प्रश्न ही कहां उठता है।

# चक्रधरपुर बार एसोसिएशन में चुनाव कल

## निर्विरोध चुने गये संयुक्त सचिव कुमार अभिषेक प्रताप एवं दिलीप प्रधान





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर बार एसोसिएशन का चुनाव काफी दिलचस्प और रोमांचक होगा। सभी प्रत्याशी अपने जीत के लिए परिश्रम और जनसंपर्क व्यापक रूप से कर रहे हैं और अपनी स्थिति को मजबुत करने में जुटे हुए हैं। 16 नवम्बर शनिवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सह कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। अध्यक्ष पद के लिए मदन लाल कुमार-सुमन कुमार चैरसिया के बीच सीधी टक्कर है और दोनों अध्यक्ष पद के लिए एड़ी चोटी एक कर रखा है और अपने पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए सुब्रत कुमार प्रधान-सुरेश प्रसाद सिंह के बीच सीधी टक्कर है। सचिव पद के लिए भी दो प्रत्याशी मुरारी कुमार प्रधान एवं अनन्त कुमार महतो के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए ज्ञानेन्द्र कांडेयांग-सुश्री कदमा बोदरा के बीच मुकाबला है। वहीं चुनावी माहौल में निर्विरोध युवा एवं लोकप्रिय अधिवक्ता के रूप में पहचाने जाने वाले कुमार अभिषेक प्रताप (प्रशासन), दिलीप कुमार प्रधान (लाईब्रेरियन) तथा कोषाध्यक्ष में प्रमोद कुमार बेहेरा के अलावे गवर्निंग कॉंसिल में पांच सदस्य चुने गयें, जिनमें सुश्री लक्ष्मी देवी महतो, विद्यासागर मिश्रा, हरिपद प्रमाणिक, मो0 नासीर के अलावे आशुतोष मिश्रा शामिल हैं। चक्रधरपुर बार एशोसिएशन चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में वरीय अधिवक्ता विपिन कुमार मिश्रा, सोमित्री षाडंगी, चतुर्भूज साव बनाये गये हैं।

# बालकुंज में मनाया गया बाल दिवस पर कार्यक्रम

## बीकेएस, डालसा और बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संयुक्त तत्वावधान मे किया आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

बाल दिवस (14 नवंबर) के अवसर बाल कुंज (बाल गृह ) में बच्चों के बीच कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बच्चों ने इस मौके पर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया और उत्साह और उमंग में खूब आनंद उठाया, उनके बीच कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया और पाठ्य सामग्री, पुरस्कारो के साथ मिठाइयों का वितरण भी किया गया।

बीकेएस के निदेशक संजय कुमार मिश्रा ने बाल हित धारकों डॉ सौम्य सेनगुप्ता, डालसा के सचिव डॉ राजीव कुमार सिंह और आयोग के सदस्य विकास दोदराजका का शॉल प्रदान कर अभिनंदन किया।

इस मौके पर प्राधिकार के सचिव डॉ राजीव कुमार सिंह, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका, डॉक्टर सौम्या सेनगुप्ता, मीराकल फाउंडेशन के अमरेंद्र कुमार सिंह, डीसीपीओ पुनीता तिवारी, सी डब्ल्यू सी के सदस्य जयदू करजी और बाल कल्याण संघ के निदेशक संजय कुमार मिश्रा सहित बाल कुंज के बच्चे और सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# गांव में मतदान केंद्र बनाने का लखाईडीह के ग्रामीणों ने किया स्वागत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ियों से घिरे लखाईडीह गांव के ग्रामीण विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। लखाईडीह के मतदाता इससे पहले भीतर आमदा के 274 नंबर बूथ पर वोटिंग करने जाते थे। इस बार नया बूथ लाखाईडीह गांव में स्थापित किया गया। भीतर आमदा से लखाईडीह की दूरी मुख्य सड़क से लगभग 24 किलोमीटर है। जबकि पहाड़ जंगल के रास्ते यह दूरी करीब 3 किलोमीटर है। पोटका विधानसभा क्षेत्र का लखाईडीह गांव झारखंड एवं ओडिशा के बॉर्डर पर स्थित है। यह गांव शैडो एरिया के रूप में जाना जाता है। यहां की पूरी आबादी अनुसूचित जनजाति की है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी सुविधा नहीं है।झारखंडी पर्यटन स्थल

गत लोकसभा चुनाव के दौरान स्थानीय निवासियों ने लखाईडीह में पोलिंग बूथ बनाने का अनुरोध किया था। जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी के प्रयासों से विधानसभा चुनाव में लखाईडीह में नया बूथ स्थापित किया गया। गांव में बूथ बनने के उपरांत यहां के उत्साहित मतदाताओं ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी, भारत निर्वाचन आयोग को धन्यवाद दिया। ग्राम प्रधान ने खुशी जताते हुए झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल का आभार प्रकट किया साथ ही उन्होंने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से फोन पर बातचीत की।

ग्रामीणों को लोकतंत्र के प्रति उनके अधिकार को दिलाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन का यह सार्थक पहल रंग लाया और विधानसभा चुनाव के मतदान में यहां के ग्रामीणों का उत्साह देखते बना। उनका उमंग जमकर मतदान में परिलक्षित हुआ। इस गांव के लोगों के सुदूर अवस्थित मतदान केंद्र का पूर्व में मतदान लगभग 30-32 प्रतिशत तक रहता था, वहीं इस बार लखाईडीह गांव में ही मतदान केंद्र स्थापित होने पर यह बढ़कर 80।15% हो गया। विधानसभा निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान में लखाईडीह के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ग्राम प्रधान कान्हु राम टुडू की पुत्री सलमा टुडू गांव के इस नए मतदान केंद्र की पहली मतदाता बनी।